### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक : मुख्यमंत्री

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

गोरखपुर में होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठे लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने अपनी जमीन पर दबंगों का कब्जा होने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त कराने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराएं। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद दिया। उनका नाम और स्कूल जाने के बारे में पूछा। उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट गिफ्ट करते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी ने एक बच्ची के अभिभावक से कहा कि बिटिया को खूब पढ़ाइए।



# कांशीराम एक सुलझे हुए राजनेता व समाज सुधारक थे : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय समेत प्रदेश भर में शनिवार को बसपा संस्थापक कांशीराम की जयन्ती सादगी से मनाई गई। इस मौके पर जारी बयान में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कांशीराम एक सुलझे हुए राजनेता तथा समाज सुधारक थे। उन्होंने बहुजनों के राजनीतिक सशक्तिकरण तथा उनके उत्थान के लिए निरन्तर संघर्ष किया। दलितों, वंचितों की आवाज उठाने में वे कभी पीछे नहीं रहे। राजनीति में दलितों की राजनीतिक भागीदारी सुरक्षित करने में उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा।

अखिलेश यादव ने एक अन्य बयान में कहा कि पिछड़ा, दलित, आदिवासी, आधी आबादी और अल्पसंख्यक ये सभी मन बना चुके हैं कि 2027 में पीडीए की ताकत को आगे बढ़ाएगें और भाजपा को सत्ता से हटाकर ही दम लेगे। अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। जब राज्य में प्रशासन ही सुरक्षित नही तो जनता की सुरक्षा की बात क्या की जा सकती है। दूसरे प्रदेशों के अपराधी भी अब उत्तर प्रदेश को अपने लिए सुरक्षित प्रदेश मानने लगे है। उन्हे यहां कोई डर नहीं। आतंकी गतिविधियों का भी यह केन्द्र बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रशासक कम स्टार प्रचारक ज्यादा हो गए है। प्रदेश प्रगति के तमाम पायदानों में पिछड़ता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी को बदनाम करना, उसके नेताओं पर झूठे मुकझे दर्ज करना और उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित करना। भाजपा सरकार की हरकतों से समाज का हर वर्ग परेशान और आक्रोशित है।

इससे पहले अखिलेश यादव की ओर से लखनऊ में मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया। रविदास मेहरोत्रा समेत कई विधायकों व नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी का निधन, कार्यकताओं में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी का आज सुबह दुखद निधन हो गया। वे पिछले एक साल से कैंसर जैसी घातक बीमारी से संघर्ष कर रहे थे। आज सुबह लगभग 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। वे हमेशा पार्टी के हितों के लिए समर्पित रहे और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी राजनीतिक सूझबूझ और संगठन कौशल के चलते वे पार्टी में एक सम्मानित नेता थे। मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी ने 2003 में समाजवादी युवजन सभा से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। इसके बाद 2011 में उन्हें जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए 2023 में उन्हें समाजवादी पार्टी का कुशीनगर जिला अध्यक्ष बनाया गया। हालांकि, 2019 लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था, लेकिन वहां ज्यादा दिनों तक सक्रिय नहीं रहे। 2020 में वे पुनः समाजवादी पार्टी में लौट आए और तब से पार्टी संगठन को मजबूती देने में लगे रहे। मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी न केवल एक प्रभावशाली राजनेता थे बल्कि समाजसेवा में भी उनका अहम योगदान रहा। वे गरीबों और वंचितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कई सामाजिक योजनाओं और कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्थानीय जनता के लिए वे एक आदर्श नेता थे, जिन्होंने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी और उनके समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। मुहम्मद शुकुरुल्लाह अंसारी के निधन से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों में गहरा शोक है। पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय स्तर सहित कई प्रमुख नेताओं ने उनके निधन पर संवेदना प्रकट की है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अंसारी का जाना संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2 बजे के बाद नमाजे जोहर के बाद उनके पैतृक गांव में किया गया, जहां हजारों की संख्या में उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। शुकुरुल्लाह अंसारी के निधन की खबर सुनकर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। कई लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहते थे और उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास करते थे। उनकी मौत से पार्टी और उनके समर्थकों को बड़ा झटका लगा है।

# धारदार हथियार से गला रेत कर महिला की हत्या से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज गंगापार थान हंडिया क्षेत्र बरौत कस्बा में धारदार हथियार से गला रेट कर महिला की हत्या कर दी गई महिला अपने पिता के घर पर रहती थी हत्या की वजह प्रापर्टी को लेकर बताया जा रहा है हालांकि की पुलिस मृतक के भाई को हिरासत में लेकर जांच में जुटी हुई है,शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे हुई महिला की हत्या।इमामगंज चौकी क्षेत्र के धोबहा सिंगापुर निवसिनी महिला राधा यादव पत्नी राजाराम जो अपने मायके बरौत कस्बा में रहकर पिता की देखभाल करती थी।शुक्रवार लगभग 07 बजे स्थानीय पुलिस को सूचना मिली।मौके पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक टीम पहुँची।डीसीपी गंगानगर ने बताया कि मामले में पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लिए है,परिजनों के तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया सुनील कुमार सिंह व कोतवाल हंडिया ब्रिज किशोर गौतम मौके पर मौजूद होकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे।



## अयोध्या रामगढ़ चौकी क्षेत्र मे सकुशल तरीके सें सम्पन्न हुआ होलिका दहन व होली का पर्व

**कोरांव( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनपार के कोरांव थाना क्षेत्र के अयोध्या रामगढ़ चौकी क्षेत्र मे सकुशल तरिके सें 21 जगह होलिका दहन व होली का त्यौहार चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह व सहयोगी पुलिस बल द्वारा सम्पन्न कराया गया क्षेत्र मे शांति ब्यवस्था बना रहा चौकी इंचार्ज द्वारा दो चार पहिया वाहन सें क्षेत्र मे लगातार भ्रमण शील रहे जिसके कारण क्षेत्र मे कही कोई अप्रिय घटना घटित नही हुआ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो की मौत, एक घायल

जौनपुर। उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में सुजानगंज क्षेत्र के पढ़ुआ गांव के पास शनिवार को एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें मामा-भांजे की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार जिले में सुजानगंज थाना क्षेत्र के बसरही गांव निवासी संगम पुत्र मुनवर बनवासी होली के दिन अपने मामा के घर शिवरिहा गया था। होली खेलने के बाद शनिवार को उसके मामा अनिल पुत्र बिरजे बनवासी निवासी शिवरिहा अपने पड़ोसी सूरज पुत्र ओमप्रकाश के साथ बाइक से भांजे को बसरही छोड़ने जा रहे थे कि पढ़ुआ गांव के पास एक पहुंचते ही सामने से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अनिल (28) पुत्र बिरजे बनवासी एवं भांजे संगम (21) पुत्र बसरही की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सूरज (32) पुत्र ओमप्रकाश घायल हो गए। टक्कर होने के बाद चार पहिया वाहन भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज लाया गया जहां घायल का उपचार चल रहा। मृतक अनिल प्रतापगढ़ जिले के किसी ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर चलाता था, जबकि भांजा मुंबई में रहकर कोई नौकरी करता था। मौत की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए । इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आवारा सांड के हमले में किसान की मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में शनिवार को आवारा सांड के हमले में किसान की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार लोधनका पूरा गांव का राजेश कुमार (45) आज खेत में काम करने गया था। कही से घूमता हुआ सांड वहां आ गया और राजेश पर हमला बोल दिया। सांड से बचाव करते हुए राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भतीजे ने चाचा पर चलाई गोली ,गोली से बेटी की मौत

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजबाद जनपद के थाना जसराना क्षेत्र में एक ही परिवार के चाचा भतीजे के बीच हुए विवाद में भतीजे द्वारा की गई फायरिंग में चाचा की नाबालिग बेटी की मौत हो गई। थाना जसराना क्षेत्र के गांव अकबरपुर मस्तपुर में शुक्रवार की रात गांव के प्रमोद कुमार और उनके भतीजे रणजीत के बीच कोई विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि रणजीत ने चाचा के ऊपर फायरिंग कर गोली चला दी गई। रणजीत के द्वारा चलाई गई गोली प्रमोद को न लगकर उनकी बेटी नीतू (12) को लग गई जिससे नीतू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। संबंधित मामले में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि रणजीत द्वारा की गई फायरिंग में चाचा प्रमोद की 12 वर्षीय बेटी नीतू की गोली लगने से मौत हो गई है इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । आरोपी फरार है शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया ।

## भारत में मुसलमान सुरक्षित, रमजान में प्रदर्शन अनुचित :मौलाना शहाबुद्दीन

बरेली (उत्तर प्रदेश)। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड गैर जिम्मेदाराना बात रहा है कि देश में मुसलमानो को खतरा है और सुरक्षित नहीं है। मौलाना ने कहा ल्र मैं इन लोगों को बताना चहता हूं कि देश में मुसलमान आजादी के साथ अपने धार्मिक त्यौहार, नमाज, रोजा , हज ,जकात, जुलूस और उर्स आदि प्रोग्राम, स्वतंत्रता पूर्वक पूरे भारत में मनाते हैं। कोई भी व्यक्ति या हुकूमत इन धार्मिक कार्यक्रमों में कोई भी बाधा नहीं डालता। ये कहना कि मुसलमानो को खतरा है सुरक्षित नहीं हैं, ये सरासर ग़लत गुमराह करने वाली और अफवाह करने वाली बातें हैं।

# दूध का पैसा मांगने पर महिला को मिली मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- आरोपी ने अपने घर के अंदर खुद को बनाया बंधक
- परिजनों का आरोप है कि पुलिस के वर्दी में आरोपी को बचाने की कोशिश

प्रयागराज। कोतवाली नैनी अंतर्गत शनिवार की सुबह दूध के बकाए पैसे को लेकर एक रिटायर्ड आर्मी कर्मी ने महिला की हत्या कर दी। हत्या से नाराज मुहल्ले के लोगों ने परिजनों के साथ आरोपी के घर को घेर लिया। किसी तरह की अनहोनी न हो उस डर से आरोपी ने खुद को घर में अपने आप को परिवार के साथ कैद कर लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह नैनी के मामा भांजा तालाब सोमेश्वर नगर मुहल्ले में होली के दूसरे दिन एक वर्ष से बकाया दूध की रकम मांगने को लेकर आर्मी का रिटायर्ड राधेश्याम तिवारी ने पत्थर से कूंचकर लीलावती (55) की हत्या कर दी। वहीं परिजनों का आरोप है कि एक वर्ष से राधेश्याम तिवारी दूध ले रहा था। जब महिला ने अपने पैसे की मांग की तो तिलमिलाए आरोपी ने महिला के ऊपर पत्थर से हमलाकर उसकी जान ले ली और शव को घसीटते हुए घर के अंदर ले गया। जहां घर के अंदर खून फैला हुआ था। सुबूत को मिटाने के लिए आरोपी ने घर के अंदर मौजूद बरामदे की पानी से धुलाई कर दी जिससे कि खून के निशान मिट जाए।



लेकिन घटना की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सूचना पर पहुंचीं नैनी पुलिस व कई थानों की फोर्स ने आरोपी के घर को अपने सुरक्षा में लेते हुए अपने अधिकारियों को सूचित कर दिया। वहीं महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

सूचना पर पहुंचे एसीपी करछना वरुण कुमार ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिजनों के साथ मौजूद मुहल्ले के लोगों को आरोपी के घर के पास से हटाया गया। जिसके बाद एसीपी के निगरानी में आरोपी को घर से बाहर निकालकर पुलिस के जीप में बिठाकर कोतवाली लाया गया। परिजनों ने नैनी कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया है कि उक्त आरोपी को बचाने के लिए पुलिस वर्दी का भी उपयोग किया गया था लेकिन परिजनों ने पुलिस की वर्दी को छीनकर अपने कब्जे में ले लिया। वर्दी के नेम प्लेट पर उस सिपाही का नाम भी दर्ज है। मामा भांजा तालाब, चक देवानंद निवासी मृतका की बेटी राधा ने बताया कि हम भाई बहन मिलाकर पांच लोग हैं। सबसे बड़ी बेटी राधा है जिसकी शादी हो चुकी है दूसरे नंबर पर सोनू , सुनील, चंदन, चंदू हैं। मृतका के पति विजय भारतीया परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूध का व्यवसाय किए हैं। जिसका पूरा खर्च उसी से चलता है।

# तहसील कोरांव मे आयोजित हुआ समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- होली त्यौहार के चलते नहीं पहुंचे फरियादी, 9 शिकायत में एक का भी नही हो सका निस्तारण

कोरांव ( प्रयागराज)। शनिवार कों कोरांव तहसील मे उपजिलाधिकारी कोरांव की अध्यक्षता मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ लेकीन होली त्यौहार के चलते फरियादि अपनी फरियाद लेकर तहसील तक नही पहुंच सके जिस कारण समाधान दिवस हाल मे पसरा सन्नाटा रहा समाधान दिवस में कुल 09 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें से 03 खंड विकास अधिकारी कोरांव,01 थाना कोरांव,01 अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत कोरांव ,01 सी.डी.पी. ओ कोरांव एवं 03 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग सें संबधित रहे 09 शिकायती प्रार्थना पत्र मे एक का भी निस्तारण नही हो सका इसके पहले भी समाधान दिवस मे आई शिकायतो मे एक का भी मौके पर निस्तारण नही हो सका था जबकि सरकार की प्राथमिकता है की जितना हो सके त्वरित निस्तारण किया जाय बाकी शेष शिकायतो का निस्तारण गुणवक्ता पूर्वक समय के भीतर किया जाय लेकीन शिकायतो का निस्तारण शासन के मंशानुसार जिम्मेदार द्वारा अमल मे लाकर नही किया जा रहा जिससे फरियादि बार - बार शिकायत करते तहसील का चक्कर काट रहा है तहसील मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के बनाये गए नोडल अधिकारी भी अनजान बने है केवल कागजी खाना पूर्ति कर समय काट रहे है जनता की पीड़ा कों कोई ध्यान नही दे रहा जिससे स्वछ सरकार की छबि खराब हो रही है संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही उपजिलाधिकारी / समाधान प्रभारी आकांक्षा सिंह ने संबधित कों गुणवक्ता पूर्वक प्राप्त शिकायतो का निस्तारण करने कों संबधित कों निर्देशित किया

# लेखपाल नहीं सुनते उपजिलाधिकारी का हुक्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- चार साल से निरंतर भूमि प्रबंधक समिति का अध्यक्ष गरीबों भूमिहीनों को अवैध कब्जे की ग्राम समांज की जमीनों को करना चाहते है आवंटन
- ग्राम पंचायत के प्रदत्त अधिकारों का हो रहा हनन

कोरांव।प्रयागराज। एक ग्राम पंचायत के मुखिया ने अपने ही राजस्व विभाग के राजस्व अधिकारियों द्वारा पंचायतीराज अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों,कर्तव्यों,कृत्य,और प्रशासन की अवमानना किए जाने पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। और एक बार पुनः अंतिम बार मौका देते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज से लिखित आग्रह करते हुए हस्तक्षेप की मांग और उप जिलाधिकारी को सुझाव तथा प्रस्तावित भूमिहीनों को कृषि,एवं आवासीय आवंटन किए जाने के स्पष्ट आदेश दिए जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा तहसील कोरांव इलाहाबाद ने ग्राम समाज की नवीन परती,बंजर जमीनों को भू माफियाओं से अवमुक्त कराकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए गांव के वाशिंदों जो भूमि और आवास हीन हैं उन्हें अवैध कब्जा मुक्त कराकर आवंटन किए जाने का एक अभियान सरकार की मंशा की तर्ज पर चलाया और कई बार इतने अंतराल में समिति की बैठक की गई और चयन किया गया। किंतु समिति के सचिव ने आवंटन पत्रावली तहसीलदार और उपजिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत नहीं किया। जबकि ग्राम प्रधान समिति अध्यक्ष ने कई बार डीएम आयुक्त और एसडीएम, एडीएम जनसुनवाई पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन,जनता दर्शन,जन प्रतिनिधियों के जनता दरबार तक लिखित पत्राचार कर के आवंटन की मांग किया। किंतु कोई आज तक कोई समाधान नही हुआ

इस संदर्भ में डीएम एसडीएम आयुक्त,एमएलसी,विधायक, सांसद ने भी कई बार डीएम को पत्र लिख कर आवंटन किए जाने की सिफारिश की। शासन तक से भी मांग प्रधान ने किया और निर्देशन के बावजूदब कोई अमल राजस्व विभाग तहसील कोरांव और प्रयागराज ने नहीं किया।




ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी के अनुसार कई बार डीएम, एडीएम वित्त,राजस्व प्रयागराज,आयुक्त प्रयागराज मंडल,विधायक कोरांव,एमएलसी इलाहाबाद कौशाम्बी,पूर्व सांसद प्रयागराज,मुख्य मंत्री कार्यालय तक के निर्देश लिखित,और मौखिक भी एसडीएम कोरांव को दिए गए साथ ही एसडीएम कोरांव से कई बार स्वयं कहा गया किंतु राजस्व कर्मी आज तक उप जिलाधिकारी के हुक्म और ऊपर के अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किए। टाल मटोल करते आ रहे। क्यों कि ग्राम समाज की जमीनों को अवैध कब्जा करने वाले हर वर्ष अच्छी खासी फसल उगा कर लाभ उठा रहे हैं। और राजस्व कर्मियों का मुंह बंद कर देते हैं जिससे जमीनों का आवंटन न हो पाए और लाभ मिलता रहे।

फिलहाल ग्राम प्रधान अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा ने एक बार डीएम प्रयागराज को अंतिम बार पत्र लिख कर आवंटन की मांग कर परिणाम देखने की बात कही है। अन्यथा सक्षम न्यायालय में याचिका दायर कर अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा नियम कानून को ताक पर रखने को ले कर याचिका दाखिल करेंगे।

> मैं क्षेत्रीय लेखपाल सें बात करके जांच खुद भी करुँगी यदि पट्टा सही पाया जायेगा तो पात्रता के आधार पर किया जायेगा
>
> **आकांक्षा सिंह**
> **उपजिलाधिकारी कोरांव प्रयागराज**

# चिनहट में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र अंतर्गत विधायक चौराहे पर गांधी चबूतरा प्रांगण में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी होली की संध्या पर धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री जीवन सुधार रामायणी सभा के तत्वाधान में किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गुझिया नमकीन ठंडाई तथा विभिन्न पकवानों का लोगों ने स्वाद लिया। पुष्प वर्षा कर जय श्री राम के नारे लगाए गए। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र यादव भाजपा नेता विनोद तिवारी श्री जीवन सुधार रामायणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र पांडे गुड्डू वरिष्ठ पत्रकार आशीष गुप्ता राजे पत्रकार राकेश वर्मा पत्रकार विवेक प्रताप सिंह एडवोकेट बृजेंद्र प्रताप सिंह मुरारी व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र यादव भाजपा महिला मोर्चा से अनुराधा जायसवाल अनिल जायसवाल दोसर वैश्य समाज के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता रामेंद्र चौधरी राकेश चौधरी पिंटू वर्मा विजय बजरंगी अमित कश्यप पिंटू जायसवाल बाबा दीन वर्मा राजेंद्र गुप्ता राम लखन वर्मा बृजेंद्र शुक्ला जितेन्द्र यादव जीतू पुरुषोत्तम जालान आशीष शर्मा प्रदीप चौरसिया समेत सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अवैधानिक प्रक्रियाओं के विरोध में किसी भी समय आन्दोलन के लिए एलर्ट रहने का आह्वान: संयुक्त संघर्ष समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह अवैधानिक करार देते हुए सभी बिजली कर्मियों का आह्वान किया है कि वे निजीकरण की अवैधानिक प्रक्रियाओं के विरोध में किसी भी समय आन्दोलन प्रारंभ करने के लिए अलर्ट रहें। आज जिस तरह सभी सीमाओं का उल्लंघन कर पावर कारपोरेशन प्रबन्धन ने बीड खोली है उससे पूरे प्रदेश में बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है।संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे एवं पॉवर ऑफिसर्स एसोशिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री अवधेश कुमार वर्मा ने शक्ति भवन पर हुई सभा में ऐलान किया कि किसी भी समय आन्दोलन प्रारंभ करने हेतु सभी संगठन पूरी तरह लामबंद हैं। उन्होंने इस हेतु तमाम एक लाख बिजली कर्मियों को एलर्ट रहने का आह्वान किया। संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि वह उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के नाम पर हो रहे मेगा घोटाले को रोकने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप करने की कृपा करें। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मियों का मुख्यमंत्री जी पर पूरा विश्वास और वे उनके मार्गदर्शन में लगातार सुधार के कार्य में लगे हैं किन्तु पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने निजीकरण का राग छेड़कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अंशाति उत्पन्न कर दी है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। शक्ति भवन पर बिजली कर्मियों ने पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन के विरोध में भ्रष्टाचारके के आरोप के नारे लगाते हुए रैली निकाली । संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पता चला है कि कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट ( हितों के टकराव) के अति आवश्यक प्राविधान का उल्लंघन करते हुए पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने ऐसी कंपनियों से बीड ले ली है जो बड़ी बिजली कंपनियों के साथ काम कर रही हैं और यह हितों के टकराव का मामला है। इनमें से एक कम्पनी उप्र सरकार की एक ट्रिलियन योजना में भी काम कर रही है। यदि यह सही है तो यह अत्यन्त गम्भीर मामला है और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के सर्वथा विपरीत है।

# खाना बनाने के दौरान निकली चिंगारी से मजदूर के घर में लगी आग, रोजमर्रा का सामान हुआ राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा,लखनऊ। इलाके के सहिजनपुर गांव में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से छप्पर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसकी चपेट में आकर छप्पर व उसी के नीचे रखे 5 कुंतल गेहूं, 2 कुंटल धान,चावल,दाल,बर्तन,कपड़े व अन्य गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहिजनपुर गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र गिरधारी लाल की पत्नी शनिवार दोपहर जब खाना बना रही थी इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से ऊपर छप्पर में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया तब तक आग से मजदूर के घर रखी दैनिक गृहस्ती जलकर स्वाहा हो चुकी थी। पीड़ित अरविंद कुमार पेशे से मजदूरी करता है। ग्राम प्रधान सरवन व लेखपाल सुधीर कुमार शर्मा ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित मजदूर के घर लगी आग से हुए नुकसान का आकलन व जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित अरविंद कुमार को शीघ्र ही सरकार से राहत दिलाने का आश्वासन दिया है।

# खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ग्रेटर नोएडा में टेनिस चैंपियनशिप का करेगें उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया 17 मार्च पर उत्तर प्रदेश के दौरे पर आएंगे। खेल मंत्री यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय पथिक स्टेडियम में इंडियन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का दूसरा और साउथ सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य और भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने शनिवार को दी। राकेश त्रिपाठी ने कहा कि टेनिस चैंपियनशिप का ये पहला आयोजन है और पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, जापान, कोरिया, इराक, जर्मनी, बांग्लादेश सहित कुल 15 देशों की टीमें हिस्सा लेंगे। इसमें 250 से ज्यादा खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराये गये हैं। इस आयोजन के लिए महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि जी महाराज और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।



## युवक ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर दी जान

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मछली व्यवसायी ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी जानकारी जब पुलिस को हुई तो वह भागकर मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव का पंचायतनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के बंथरा लाला राम स्वरूप इंटर कालेज के पास रहने वाला नीरू कश्यप 30 वर्ष मछली इधर-उधर बाजारों में मछली बेचने का काम करता था। बताया गया कि शनिवार को वह अपने घर के अंदर छत के कुंडे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल इसकी जानकारी नहीं हो सकी। इस घटना की जानकारी जब घरवालों को हुई तो हाहाकार मच गया। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की और फिर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नीरू के परिवार में अब उसकी पत्नी रेखा बेटी रिया और छह माह का बेटा कृष्णा है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में शुक्रवार की रात कक्षा बारह की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह होने पर जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव का पंचायतनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना इंचार्ज राम सिंह के मुताबिक छात्रा ने फांसी क्यों लगाई है इसका भी पता लगाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी धर्मराज चौरसिया की बेटी शगुन 18 वर्ष बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार की रात वह घर की दूसरी मंजिल के कमरे में सोने चली गई। जब वह सुबह देर तक भी नहीं उठी तो घर के लोग उसे जगाने पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी आवाज देने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की से अंदर झांक कर देखा गया तो उसका शव पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। यह देख घर में हाहाकार मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। परिजनों से पूछताछ की गई। इसके बाद उसके शव का पंचायतनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## अब ऑनलाइन होगी बिजली लोड वृद्धि प्रक्रिया

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इसके लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ता बिना बिजली दफ्तर गए ही अपना लोड बढ़ा सकेंगे। प्रदेश के उपभोक्ता पर जाकर ''लोड परिवर्तन अनुरोध'' के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शनिवार को बताया कि योगी सरकार पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस डिजिटल प्रक्रिया से उपभोक्ताओं को तेजी, सुचिता और समयबद्ध सेवा मिलेगी। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब उन्हें बिजली विभाग के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे आसानी से अपना लोड बढ़ा सकेंगे।

# मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी ने 51 महिलाओं को किया सम्मानित, 11 वेदियों से की गई आरती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नमोस्तुते मां गोमती के तत्वावधान में फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर मंदिर के सामने बने उपवन घाट पर श्रीमनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में 11 वेदियों से आरती की गई। महिला दिवस के उपलक्ष्य में महंत ने 51 महिलाओं का सम्मान किया। महंत देव्यागिरी गिरी महाराज ने मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पांडे, रेनू मिश्रा, मोनी अग्रवाल, किरन कपूर, ज्योति, सुमन तिवारी, सरोज व वर्तिका सहित 51 महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

# दक्षिण कोरिया से अस्सी सदस्यीय शिष्टमंडल ने अयोध्या में पूर्वजों को किया श्रद्धा अर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दक्षिण कोरिया के गारक राजवंश के प्रतिनिधि सहित अस्सी सदस्यीय शिष्ट मंडल अयोध्या में क्वीन हो मेमोरियल पार्क पहुंच कर अपने पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। गारक राजवंश के प्रतिनिधि के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन किये और पावन स्थलों का दर्शन-भ्रमण करते हुए सरयू आरती भी देखी। इस दौरान सरयू घाट पर लेजर शो देखकर शिष्टमंडल आनन्दित हो उठा।

उप्र पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण कोरिया की प्राचीन किंवदंतियों में करीब दो हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्ना ने कोरिया के राजा किम सुरो से विवाह किया था। गया राजवंश की संस्थापक राजा से शादी के बाद राजकुमारी सुरीरत्ना रानी हियो ह्वांग-ओक के नाम से जानी गई। हियो ह्वांग-ओक को गारक राजवंश की संस्थापक माना जाता है।

दक्षिण कोरिया के लोग अयोध्या को अपना ननिहाल मानते हैं। इस ऐतिहासिक सम्बंध के प्रतीक के रूप में अयोध्या में रानी का एक स्मारक पार्क भी स्थापित किया गया है। दोनों देशों के बीच स्मारक पार्क सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करता है। दक्षिण कोरिया राजवंश की यह 72वीं पीढ़ी है। राजवंश के सदस्य हर दौर में अपने जड़ से लगाव को प्रदर्शित करते रहे हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्षों की घोषणा 16 मार्च को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों की लिस्ट 16 मार्च को जारी कर दी जाएगी। इस लिस्ट में जिले के सभी पदाधिकारियों सहित प्रदेश, राष्ट्रीय स्तर से कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश में प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने शनिवार को पत्रकारों को साझा की है। भाजपा चुनाव अधिकारी श्री पाण्डेय ने पूरे प्रदेश में जिला व महानगर अध्यक्षों की घोषणा को लेकर कहा कि जिला स्तर पर कार्यक्रम कर लिस्ट में शामिल नये पदाधिकारियों की जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर सह जिला चुनाव अधिकारी व्यवस्था करेगें। कार्यक्रम के मंच पर पर्यवेक्षक, जिला चुनाव अधिकारी, वरिष्ठ पदाधिकारी, मंत्रीगण मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही वर्तमान जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष भी उपस्थित रहेगें। जिन महानगरों में दो महानगर अध्यक्ष घोषित हैं, वहां पर एक ?अतिथि एवं एक पर्यवेक्षक मंच पर रहेगें। लेकिन कार्यक्रम एक ही होगा, क्योंकि महानगर में एक ही कार्यालय होता है। इसमें गाजियाबाद और लखनऊ में महानगर में ही जिला कार्यालय स्थित है तो वहां दो कार्यक्रम होगें। मंच से ही जिलाध्यक्ष की घोषणा होगी और सभी कार्यकर्ता मिलकर नये अध्यक्ष का स्वागत करेगें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि संगठन पर्व एक कदम और बढ़ने जा रहा है। इसमें जिला व महानगर के अध्यक्षों की घोषणा होते ही दूसरे पदों के लिए योजना बनने लगेगी। जिलों व महानगरों में अध्यक्ष मिलने पर सभी कार्यकर्ता एक बार फिर से घुलमिल कर होली खलेगें।

# अब ऑनलाइन होगी बिजली लोड वृद्धि प्रक्रिया

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इसके लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ता बिना बिजली दफ्तर गए ही अपना लोड बढ़ा सकेंगे। प्रदेश के उपभोक्ता बबब.फ्र्ध्दद्य.धन्द् पर जाकर ''लोड परिवर्तन अनुरोध'' के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शनिवार को बताया कि योगी सरकार पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस डिजिटल प्रक्रिया से उपभोक्ताओं को तेजी, सुचिता और समयबद्ध सेवा मिलेगी।

योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब उन्हें बिजली विभाग के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे आसानी से अपना लोड बढ़ा सकेंगे।

# गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, गृहस्थी जली

## बड़ी देर बाद आग पर पाया जा सका काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। शुक्रवार सुबह एलपीजी सिलेंडर की लीकेज से आग भड़क उठने से घर की सारी गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। जली हुई गृहस्थी की कीमत लगभग एक लाख से अधिक बताई जा रही है। गनीमत रही कि सिलेंडर फटा नहीं वरना बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था। बड़ी मसक्कत के बाद आस पड़ोस के लोगों ने बालू , कम्बल रजाई आदि डालकर सिलेंडर की आग बुझाई तब तक घर का सारा सामान बेड, सारे बिस्तर व कपड़े,तख्त, लोहे की आलमारी व डेहरिया तथा लोहे का बक्सा और राशन , बर्तन, कुर्सी व लगभग पांच हजार की नगदी सहित लगभग एक लाख से अधिक की सम्पत्ति जल गयी।

गृहस्वामी अलाउद्दीन पुत्र मो0इब्राहीम उर्फ जुगनू के पास तो पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे। जानकारी के अनुसार अलाउद्दीन की पत्नी शमीम जहां शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे बच्चों के लिए चाय बनाने के लिए जैसे ही चूल्हा जलाया वैसे ही एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई और वह तेज लौ के साथ जलने लगा। उसने शोर मचाया लोग भाग कर आये और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग भड़क कर पूरे कमरे में फैल गई थी। अलाउद्दीन ने बताया कि उन्होंने एजेंसी से एक दिन पहले ही भरा हुआ सिलेंडर मंगाया था। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना सदरपुर थाना में दे दी है।

# रंग खेलने के बाद नदी में नहाते हुए डूबा युवक

## होली की खुशियां मातम में बदलीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। होली के दिन शुक्रवार को जहां गांव सहित क्षेत्र में होली की खुशियां मनाई जा रही थीं।लोग एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर होली मिलन के लिए तैय्यारियों में जुटे थे इसी बीच एक मनहूस खबर ने गांव में चीत्कार मचा दिया।जो जैसे था सब कुछ छोड़कर नदी की ओर दौड़ पड़ा लेकिन हुआ वही जो ईश्वर को मंजूर था।

सदरपुर थाना अन्तर्गत जहांगीराबाद के मजरा गांव मवासेपुर के चार पांच दोस्त रंग खेलने के बाद बाइक पर सवार हो दोपहर लगभग दो बजे गांव से लगभग ढाई तीन किलोमीटर दूर जहांगीराबाद के निकट बह रही केवानी नदी के किनारे पहुंचे। पहले नदी के किनारे बैठकर खाया पिया फिर नहाने की नियत से दोस्तों के साथ मवासेपुर गांव निवासी अरविंद कुमार वर्मा(32वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश वर्मा भौकाली भी नदी में कूद गया। पानी गहरा होने से वह अपने को संभाल नहीं सका और डूबने लगा। उसे डूबता देख अन्य साथी मौके से भाग खड़े हुए।

यह सब वाकया नदी किनारे खेत में जानवर चरा रहा चरवाहा देख रहा था उसने तुरंत सहायता के लिए जहांगीराबाद के लोगों को फोन किया। सूचना पाते ही देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह अपने हमराही कांस्टेबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा 112 डायल सहित रेउसा पुलिस भी मौके पर पहुंची क्योंकि घटना स्थल पर नदी की सीमा रेउसा थाना क्षेत्र में आती है?।

मौके पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। गोताखोरों ने काफी मसक्कत के बाद अरविंद को ढूंढ निकाला। पुलिस उसे रेउसा सीएचसी ले गयी जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेउसा पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के एक लड़की व दो लड़के हैं।घर में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातम सा माहौल है।

## पेंटर से 6.90 लाख की ठगी के आरोप में छह पर मुकदमा

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाले पेंटर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में थाना क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों पर 6.90 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर दो महिलाओं समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले जुल्फिकार ने शनिवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह वह पेंटर है। उन्होंने कुछ समय पहले अपनी जमीन बेची थी। सिविल लाइंस के हिमगिरी कॉलोनी निवासी जफर, उसकी पत्नी आसमा, छजलैट के सराय खजूर निवासी नफीस और उसकी पत्नी कमरुल निशा उसके पास आए और उन्होंने कहा कि जफर को रुपयों की जरूरत है। आरोपितों ने जफर को 6 लाख 90 हजार रुपये उधार दिला दिए। तीन माह में रकम वापस दिलाने का वादा किया था, लेकिन आरोपितों ने तय समय में रकम वापस नहीं की। पीड़ित ने अपनी रकम के लिए दबाव बनाया तो आरोपित धमकी देने लगे। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि एक दिन जफर ने अपनी दुकान पर बुला लिया, जहां जफर, उसकी पत्नी आसमा, नफीस, उसकी पत्नी कमरुल निशा और जफर के दो बेटे जीशान व फरमान मौजूद थे। आरोपितों ने धमकी दी कि अगर रुपये के लिए दबाव बनाया तो तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी। मामले में सिविल लाइन सर्किल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पर शनिवार को केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नैमिषारण्य जा रहे श्रद्धालुओ को 10 किलोमीटर पैदल जाना पड रहा है जिससे चलते श्रद्धालू मे नाराज़गी



## कल्ली चौराहे के पास वाहन रोकने पर हंगामा करते यात्री

## दस किलोमीटर पहले ही वाहन रोकने पर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य सीतापुर । कल्ली चौराहा पंचकोसी परिक्रमा मे आ रहे श्रद्धालुओ के वाहन मिश्रिख पुलिस ने 10 किलोमीटर पहले कल्ली चौराहे पर बेरियल लगाकर रोक दिए 10 किलोमीटर पैदल चलने से परेशान श्रद्धालुओ ने हंगामा शुरु कर दिया सूचना पर पहुचे एस डी एम ने बैरियर हटवा दिया पंचकोसी परिक्रमा मे लखनऊ बाराबंकी गोंडा बहराइच व सुल्तानपुर अदि से आ रहे वाहनो को पुलिस ने कल्ली चौराहे पर ही रोक दिया कल्ली चौराहे से मिश्रिख का किराया 10 रुपया है लेकिन आटो चालक 50 रुपये किराया वसूल रहे है वही काफी लोग मिश्रिख तक पैदल गए व आए इससे कई लोग परेशान हुए महिलाओ व बच्चो को अधिक दिक्कते हुए परेशान लोगो ने हंगामा शुरु कर दिया सूचना पर पहुंचे एस डी एम मिश्रिख शैलेंद्र मिश्र ने बैरियर हटवा नाराजगी जताई इसके बाद मिश्रिख क्रासिंग के पहले तक वाहनो का आवागमन शुरु हुआ इससे राहगीर ने राहत की सांस ली बहराइच के विजय वर्मा आंकित गौड मुकेश ने बताया कि पहले ऐसा नही हुआ गोडा की अर्चना श्रीवास्तव ने बताया की दस वर्षीय बेटी पीयूष साथ था पैदल चलने से परेशान हो गई एसडीएम शैलेंद्र मिश्र ने बताया कि बेरियल हटवा दिया गया है ।

# शारदा नदी में नाव हादसा तीन की मौत, एक लापता

## घटना की जानकारी पाने के बाद मौके पर पहुंचे डीएम सीतापुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर तंबौर। थाना तंबौर क्षेत्र के रतनगंज गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। गांव के लोग मिट्टी देने (अंतिम संस्कार की रस्म) के लिए शारदा नदी पार कर रहे थे, तभी नाव हादसे का शिकार हो गई। नाव पर कुल 12 लोग सवार थे, जिनमें से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति लापता हो गया था।स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद व पुलिस प्रशासन ने मिलकर बाकी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर में चल रहा है।लापता व्यक्ति की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है।इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। पुलिस और प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। क्षेत्रीय विधायक व प्रशासन मौके पर पहुंच कर सहायता कर रहा है।उपजिलाधिकारी बिसवां ने बताया कि तहसील बिसवां क्षेत्रान्तर्गत तंबौर के रतनगंज स्थित सारदा नदी में एक नाव के पलट जाने से अभी तक नाव में सवार-16 लोगो को चिन्हित कर लिया गया है।जिसमे से 12 लोगो का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में इलाज चल रहा है,3लोगो की मृत्यु हो गई है,एक बच्चा जो लापता था वह अपने घर पहुंच गया है।स्थानीय पुलिस व प्रशासन मौके पर मौजूद है।बचाव व राहत कार्य अनवरत जारी है।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। थानान्तरगत? ग्राम मंसूरपुर निवासी मैकू65वर्ष पुत्र छेद्दू की आज शाम अज्ञात ?मोटर बाइक सवार ?की टक्कर से? वह बुरी तरीके से घायल हो गये उस समय? वह मीनापुर से सब्जी लेकर पैदल घर जा रहे थे।उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरो? ने मैकू को मृत? धोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया गया है मोटरसाइकिल सवार भागने में सफल रहा।

## आम आदमी पार्टी सीतापुर की जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने की घोषित

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम आदमी पार्टी सीतापुर के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी अपने संघर्षों से जानी जाती है और हम सभी लोग गांव और बूथ स्तर तक पार्टी का विस्तार करेंगे। हर एक पदाधिकारी को आने वाले दिनों में एक एक गांव की जिम्मेदारी दी जाएगी। जहां लोगों की समस्याओं को एकत्र करके उनका समाधान कराने के लिए संघर्ष किया जाएगा। अवधेश कुमार मौर्य ने होली और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बताया कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ निकाय चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी इसलिए अभी से लग कर गांवों और बूथ स्तर तक जल्द टीमें गठित की जाएंगी।

## अज्ञात कारणो से लगी आग में पूरी ग्रहस्थी जलकर राख

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के थाना बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम बिशुनपुर मजरे डीह में शुक्रवार अल सुबह राधिका कोरी के मकान में अचानक आग लग गई देखते देखते आग का विकराल रूप बगल स्थित पशु शाला में भी धारण कर लिया आग लगने से राधिका के घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। भैंस गाय बछिया जलकर बुरी तरह से झुलस गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी लेकिन विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच सका ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। हल्का लेखपाल ने बताया कि सूचना मिली है इसकी जांच करके रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## महिला का फंदे से लटकता मिला शव

औरैया । जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अटसू चौकी के ग्राम बल्लापुर निवासी प्रियंका पत्नी मान सिंह उम्र करीब 35 वर्ष ने ग्रह कलह के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। मृतिका अपने सास ,ससुर, पति और अपने दो बच्चों लवकुश (9 वर्ष) और कृष्णा (7 वर्ष) के साथ रहती थी। प्रियंका ने अपने कमरे में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने जब उन्हें फांसी पर लटका देखा तो तुरंत नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम बनारपुर थाना फफूंद स्थित मायके से परिजन मौके पर पहुंचे। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृत्यु की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टिल्लू राजपूत को मिली तो वह संवेदना हेतु मौके पर पहुंचे तो लड़की वाले लोगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ मार पीट कर दी और दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बन गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अटसू चौकी में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। विवाद की सूचना मिलते अटसू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मोटर बोट चालक की संदिग्ध मौत, तीन आरोपितों से पूछताछ

कानपुर। कैंट थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा निवासी निखिल निषाद (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह शुक्रवार से लापता था। शनिवार को उसका शव डपकेश्वर घाट के पास गंगा नदी में मिला। मृतक के परिजनों ने इलाके में रहने वाले तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के पिता गंगाराम ने बताया कि, उनका बेटा निखिल मैस्कर घाट में मोटर बोट चलाता था। शुक्रवार शाम इलाके में रहने वाला समीर और उसके दो नेपाली दोस्त निखिल को बुलाने आये और अपने साथ ले गए। मोटर बोट से घुमाने के लिए कहा। बोट स्टार्ट नहीं हुई और तैरते हुए कोयला घाट निकल गयी। घाट पर मौजूद गंगाराम के दोस्त और नाव चालक ने निखिल की बोट देखी। उसमें मौजूद सभी लोग शराब पार्टी कर रहे थे। जिसकी सूचना उसने निखिल के पिता गंगाराम को दी।
इसके बाद सभी लोग मौके पर पहुंचे जहां मोटर बोट पर समीर और उसके दो नेपाली दोस्त तो मिले लेकिन निखिल नहीं मिला। इस पर तीनों ने जवाब दिया कि निखिल गंगा में कूद कर कहीं भाग गया।

# श्री नृसिंह भगवान रथ यात्रा समिति के द्वारा भव्य नरसिंह यात्रा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां ( सीतापुर) । होली महापर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आर एस एस जिला प्रचारक सुरेंद्र के निर्देश में श्री नृसिंह भगवान रथ यात्रा समिति के द्वारा भव्य नरसिंह यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ कस्बे में स्थित नरसिंह धाम मंदिर में समिति के अध्यक्ष महंत मनीश शर्मा ने सर्वप्रथम प्रार्थना व आरती करके किया। मंदिर प्रांगण में मौजूद लोगों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाया और होली की बधाईया दी। आर एस एस जिला प्रचारक सुरेंद्र कहा कि हिंदुओं के सभी पर्व आनन्द और समरसता के पर्व है।होली का पर्व हिंदुस्तान में ही अपितु विदेशों में भी बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि समाजिक समरसता का पर्व समस्त जाति धर्म पंथ संप्रदाय के लोग मिल जुल कर मनाते है। यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हो तहसील नगर के मुख्य बड़े चौराहे पर,सब्जी मंडी,रायगंज चौराहा, जहांगीराबाद चौराहा, सेठगंज, मगरहिया बाजार, हजीरा, पोस्टर चौराहा होते हुए नगर के ऐतिहासिक मंदिर पत्थर शिवाला पर आकर समाप्त हुई। यात्रा का जगह जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र फूलों की होली व यात्रा के दौरान तीन जगहों पर मटकी फोड़ का आयोजन रहा। पहली मटकी मगरहिया बाजार में तथा दूसरी नगर के बड़े चौराहे पर तीसरी पोस्टर चौराहे पर होलीयारों के द्वारा फोड़ी गई ।

इस अवसर पर समिति के पधाधिकारी व स्वयं सेवकों सहित सैकड़ों बिसवां व ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे ।

# दहेज की बलबेदी चढ़ी नवविवाहिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय के ग्राम दौलतपुर थाना बल्दीराय निवासी राम लौट पुत्र जयकरन कूरेभार थाना में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पटना पूरे हरिचरण गांव में धर्मेंद्र पुत्र राज देव के साथ 8 माह पूर्व हिंदू धर्म रीति रिवाज के अनुसार विवाह कर दिया था अपने हैसियत के अनुसार शादी में दहेज भी दिया था लेकिन धर्मेंद्र को दहेज कम लगता था इस लिए वह पुत्री को आए दिन दहेज मांगते हुए प्रताड़ित करता रहता था जिसको मेरी पुत्री अक्सर मायके में बता दिया करती थी लेकिन रिश्तेदार नात बात के माध्यम से समझाने बुझाने के बाद अपने पुत्री को धर्मेंद्र के साथ भेज दिया था लेकिन अचानक दिनांक 11/3/025 को हमें सूचना मिली कि आपकी पुत्री को मार कर कमरे में लटका दिए हैं। फिर मैं परिवार के साथ पटना पूरे हरिचरण गांव गया पुत्री का पोस्टमार्टम हुआ उसके बाद मेरे द्वारा थाना कूरेभार एवं पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर को धर्मेंद्र तथा उसके माता-पिता के खिलाफ पुत्री की हत्या के विरोध में मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर दी गई पुलिस अधीक्षक कुवर अनुपम सिंह ने कहा कि जांच कर निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

# नाव पलटने से हुआ बड़ा हादसा,स्थानीय पुलिस व प्रशासन मौके पर मौजूद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उपजिलाधिकारी बिसवा ने बताया कि तहसील बिसवा क्षेत्रान्तर्गत तंबौर के रतनगंज स्थित सारदा नदी में एक नाव के पलट जाने से अभी तक नाव में सवार-16 लोगो को चिन्हित कर लिया गया है।जिसमे से 12 लोगो का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में इलाज चल रहा है,3लोगो की मृत्यु हो गई है, एक बच्चा जो लापता था वह अपने घर पहुच गया है।स्थानीय पुलिस व प्रशासन मौके पर मौजूद है।बचाव व राहत कार्य अनवरत जारी है।

# फूलन देवी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध मोस्ट ने दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आज दिनांक 15-03-2025 को मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में मोस्ट महिला विंग की जिला सचिव आरती बौद्ध के नेतृत्व में वीरांगना फूलन देवी पर की गई अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी पर नगर कोतवाल नारद मुनि को तहरीर सौंपी और पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी सुलतानपुर को संबोधित मांग पत्र सौंपा, जिसमें उक्त अभद्र टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। तहरीर में ब्राड कास्टर शुभांकर मिश्रा द्वारा अपने ब्राडकास्ट शो में शोषितों-पीड़ितों की प्रेरणा स्रोत पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी के हत्यारे शेर सिंह राणा से कहा कि ल्लक्यों ठोक दिये फूलन को, अपने ठकुरई के चक्कर मेंल्ल ऐसी असभ्य, अमर्यादित घटिया टिप्पणी की गई और डॉ. आशीष द्विवेदी द्वारा सोशल मीडिया एक्स (ट्विटर) पर अमर्यादित/आपराधिक टिप्पणी की गई है, जिससे हम जैसे करोड़ों लोगों की भावनायें आहत हुई हैं। इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियां समाज में वर्गीय व जातिगत वैमनस्य को बढ़ावा देती हैं और महिलाओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार को प्रोत्साहित करती हैं। उक्त अमर्यादित टिप्पणी की मोस्ट कल्याण संस्थान द्वारा घोर निंदा और मांग किया है कि ब्राड कास्टर शुभांकर मिश्रा और डॉ. आशीष द्विवेदी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाए। मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल गुरूजी ने कहा कि सामाजिक न्याय की प्रतीक वीरांगना फूलन देवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से देश दुनिया के शोषितों-पीड़ितों, पिछड़ों में रोष बढ़ा है यदि ऐसे दुष्टों के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही कार्यवाही नहीं हुई तो हम जैसे फूलन देवी को अपना ल्लआइकॉनल्ल मानने वाले करोड़ों लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# होली पर आबकारी अधिकारी ने की मनमानी

## होली के अवसर पर अधिकारियों और पत्रकारों के नाम पर की गयी शराब की खूब वसूली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। होली के त्योहार से पहले, जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र चौधरी द्वारा जनपद के अधिकारियों व पत्रकारो के नाम पर जिले के सभी शराब अनुज्ञापियो से शराब की खूब वसूली करायी गयी है। अधिकारियों और पत्रकारों के बीच आबकारी अधिकारी ने शराब वितरण किया है या नही इसकी तो कोई जानकारी नही है लेकिन इस बात चर्चा जोरो पर है कि प्रत्येक अनुज्ञापियो से वसूल किये गये दो से तीन गत्ते शराब के बदले उन अनुज्ञापियो को 31 मार्च तक अवैध कमाई करने का टिप्स विभाग की ओर दी गयी है।

बतादे कि कुशीनगर जनपद मे तकरीबन कुल साढे तीन सौ से अधिक शराब की दुकाने है इसमें 240 देशी शराब की दुकान है जबकि 125 अंग्रेजी व बीयर की दुकान और 6 माडलशाप है। पूर्व से संचालित हो रही यह दुकाने नई शराब नीति के तहत ई-लाटरी प्रक्रिया के बाद 31 मार्च - 2025 तक बैध है। सूत्र बताते है कि 14 मार्च को आयोजित होली के त्योहार के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा आबकारी अधिकारी के निर्देश पर 10 मार्च से अधिकारियों व पत्रकारो को होली मे शराब भेट करने के नाम पर जिले भर के अनुज्ञापियो से प्रति दुकान दो से तीन गत्ते शराब की वसूली कराने की चर्चा खूब है इसमे अंग्रेजी, देशी व बीयर शामिल है। पडरौना नगर के आधा दर्जन व कसया के पांच शराब व्यवसाइयों ने नाम न छापने के शर्त पर कहा कि 10 मार्च से आबकारी विभाग की ओर से सभी अनुज्ञापियो से अधिकारियों व पत्रकारो को होली मे भेट देने के नाम पर अवैध शराब की वसूली करायी गयी है। उन्होंने कहा कि इस बार तमाम लोगो का ई-लाटरी प्रक्रिया में दुकान आवंटित नही है फिर भी विभाग द्वारा जबरिया दो से तीन गत्ता शराब लिया गया है। अनुज्ञापियो ने बताया कि विभाग का कहना है कि 31 मार्च तक दुकान संचालित कराना है तो उनकी डिमांड पूरी करनी होगी। यह पूछे जाने पर कि विभाग ने शराब के बदले अवैध कमाई करने के लिए कोई टिप्स भी दिया तो अनुज्ञापियो ने कहा छोडिए साहब, उसमे हिस्सा लेते नही है क्या?

यहां बताना जरूरी है कि विभाग के संरक्षण में ही जनपद में ओबर रेटिंग का खेल वर्षो से चल रहा है जिसमे विभाग को ओबर रेटिंग कारोबारियों से अच्छा-खासा बक्शीश मिलता है इसके अलावा निर्धारित समय से पूर्व दुकान खोलकर निर्धारित समय के बाद तक शराब बेचने के खेल में विभाग की संलिप्तता की खूब चर्चा है।

इस संबध मे जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र चौधरी से बात किया गया तो उन्होने कहा कि आरोप गलत व निराधार है। जनपद में शान्ति पूर्ण तरीके से होली मनायी गयी है।

# सैकड़ों विदेशी श्रद्धालुओं ने की बुद्ध की वंदना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर शुक्रवार को पर्यटकों से गुलजार रहा। होली पर की वजह से जहां सड़कें सुनी रहीं वहीं मुख्य मंदिर में 350 से ऊपर थाईलैंड, वर्मा, ताइवान, कोरिया के विदेशी श्रद्धालुओं ने बुद्ध वंदना और पूजन अर्चन किया।

शुक्रवार की सुबह वटपा सोमदेद फ्रा अयणवजीरोदोम के बिहाराध्यक्ष और बौद्ध धर्मगुरु भिक्षु पाई रोज ओ के निर्देशन में 18 सदस्यीय थाई श्रद्धालुओं के दल ने मुख्य महा परिनिवाण मंदिर स्थित बुद्ध की लेटी प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ पूजन अर्चन किया और चीवर चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात स्तूप की परिक्रमा की और परिसर में ध्यान किया। भिक्षु पाई रोज ओ ने कहा कि बुद्ध के उपदेशों में जीवन का कल्याण है। उनके बताए उपदेशों पर चलकर ही सुख और शांति मिलेगी। इसके पश्चात दल ने माथा कुंवर मंदिर, धातु वितरण स्थल और रामा भार स्तूप जाकर पूजन किया। गाइड सुजीत कुमार ने श्रद्धालुओं को बुद्ध से जुड़े कुशीनगर के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व की जानकारी दी।

## पांच साल की लड़की से युवक ने किया दुष्कर्म

राजापाकड़/कुशीनगर। शुक्रवार की शाम कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने एक पांच वर्षीय लड़की को मिठाई देने के बहाने गांव से बाहर खेत मे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया तथा बच्ची को बेहोशी की हालत में कही फेंकने के लिए लेकर जा रहा था कि तलाश कर रहे परिजनों ने देख लिया एवं बच्ची के मिलने के बाद डायल 112 को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस कारवाई में जुटी है।

बता दें कि कुबेरस्थान थाना क्षेत्र की एक महिला ने शनिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की शाम छः बजे के करीब उनकी पांच वर्षीय लड़की पैसा लेकर घर के बगल में ही स्थित एक दुकान पर कुछ खरीदने गयी थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसे मिठाई देने का लालच देकर उठा लिया तथा गांव के पुरब तरफ एक खेत मे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया जिसके बाद लड़की खून से लतफत होकर बेहोश हो गई। ईधर जब कुछ देर तक लड़की घर वापस नही आई तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने गांव में तलाश करना शुरू किया। इसी दौरान उक्त युवक लड़की को बेहोशी की हालत में कही फेंकने के लिये लेकर जा रहा था तब तक परिजनों ने इसे देख लिया तथा उससे लड़की को ले लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा डायल 112 को सूचना दिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कुबेरस्थान स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।

# रंगों से सराबोर रहे शहर से लेकर गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले में रंगोत्सव का त्योहार सौहार्द व आपसी भाईचारे के बीच शुक्रवार को संपन्न हुआ। एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों से सराबोर रहे शहर से लेकर गांव तक के लोग। छिटपुट घटनाओं को छोड़ उमंग व उत्साह का त्योहार होली संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जगह-जगह प्रशासन का पहरा रहा। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण माहौल में होली त्योहार सम्पन्न हुआ।

बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार होली त्यौहार कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। चूंकि जूमे का दिन होने के कारण चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात था। रंगों से सराबोर हुए बच्चे, नौजवान व बुजुर्ग सभी टोली बनाकर होली खेलते नजर आए। एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की मुबारक बाद देते दिखे। खासकर बच्चों व नौजवानों में होली को लेकर खासा उत्साह दिखा। नौजवानों की टोली द्वारा जोगीरा गाकर होली के उमंग को दुगुना कर दिया, वहीं कई जगह डीजे के साथ होली गीत पर थिरकते नजर आए युवा। परंपरा के अनुरूप लोगों ने अपने से बड़ों के पैर पर गुलाल चढ़ा आशीष लिया तो वहीं छोटों को गुलाल लगा त्योहार की मर्यादा को सार्थक बनाया। वहीं रंगों का त्योहार होली ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से मनाई गई। इस दौरान गांवों में ढोल की थाप सुबह से लेकर देर शाम तक गूंजती रही। लोगों ने गांवों में मिट्टी से लेकर रंग व अबीर तक की होली खेली। इस दौरान करीब आधा दर्जन स्थानों पर मारपीट की भी घटनाएं हुई। लेकिन गांवों का माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहा।

ग्रामीणों क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में सभी ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। रंग गुलाल और परंपराओं का निर्वहन करते सभी आयु वर्ग के लोग नजर आए। रंगों के इस पर्व का लुत्फ बच्चों एवं युवाओं में खासा जोश दिखा जो टोलियों में और झुंड में एक दूसरे को रंग लगाकर सराबोर होते रहे। परंपराओं का निर्वहन करते हुए दूसरे पहर में लोग एक-दूसरे के घरों में पहुंचकर गुलाल लगते हुए बड़ो से आशीर्वाद लिया और शुभकामनाएं दी। कहीं हुड़दंग का माहौल इस बार नहीं बन पाया।

## पुलिस कर्मियों संघ थिरके एसपी, खूब लगाए ठुमके



कुशीनगर। जिले भर में होली त्यौहार संपन्न कराने के बाद शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में पुलिस लाइन व कैम्प ऑफिस पर ल्लहोली मिलन समारोहङ्क का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एसपी ने पुलिस कर्मियों संघ खूब ठुमके लगाए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां जाहिर की और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर डांस किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। सभी ने एक साथ मिलकर होली के पारंपरिक गीत और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह समारोह पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एकता और सौहार्द का प्रतीक था।

# पत्रकार के घर घुसकर पुलिसिया कार्रवाई की एबीपीएसएस ने की निंदा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। होली के दिन पत्रकार उमेश निषाद के घर पुलिस द्वारा की गई करवाई पर पत्रकारों ने रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग उच्चाधिकारियों से की है। घटना की अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) ने कड़ी निंदा करते हुए जांचकर दोषी पुलिस कर्मियों पर कारवाई की मांग की है।

शनिवार को एबीपीएसएस के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के निर्देशन में जिलाध्यक्ष कुशीनगर हृदया नन्द शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष विजय कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मनीष यादव, संगठन के कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला संगठनमंत्री ज्ञानेश्वर बरनवाल, संदीप उर्फ गौरी शंकर सिंह, संजय सिंह सहित भारी संख्या में पत्रकार हेतिमपुर कुंवर टोला पीड़ित पत्रकार उमेश निषाद के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पीड़ित के अनुसार हेतिमपुर पुलिस द्वारा होली के दिन शाम को बिना महिला पुलिस के घर में घुसकर महिलाओं और उसके भाई से अभद्रता और मारपीट की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में लोक के हिफाजत के लिए बनी पुलिस का यह कार्य निंदनीय है। पत्रकारों ने मामले की जांचकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि अगर पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान पत्रकार शीतल सिंह, अंकित वर्मा, रामाअशीष यादव, विनय सिंह, अजय पाण्डेय, श्रीनिवास तिवारी, रामनगिना यादव, राम गणेश सिंह, सुहैल, आमिर, जुम्मन अली सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# होली सद्भावना और भाईचारे का त्यौहार: रामाशीष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर क्षेत्र के मधुरिया स्थित एसआरडी चिल्ड्रेन एकेडमी में राष्ट्रीय लोकदल एवं एनडीए के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव रामाशीष राय ने कहा कि होली प्रेम, सद्भावना और भाईचारे का पर्व है। इस पर्व को प्रेम के साथ मनाएं। रालोद प्रदेश सचिव सिया शरण पांडेय ने कहा कि होली भारत की प्राचीन विरासत है। यह पर्व हमें एकता और मिलन का संदेश देता है। रालोद जिलाध्यक्ष विनोद कुंवर ने होली पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान ग्रामप्रधान राजू यादव, राकेश पाण्डेय, अरविंद सिंह, श्रीनिवास गुप्ता, संतोष चौहान, पंकज त्रिपाठी, निरंजल निराला, सिंपल पाण्डेय, डॉ अजय शर्मा, मुकेश यादव, महेंद्र लाल श्रीवास्तव, डॉ रमेश तिवारी, शिवांशु पाण्डेय, रवि तिवारी, हिमांशु शर्मा, रक्षा तिवारी, नंद कुमार चौबे, महेंद्र कुशवाहा, कौशलेश पांडेय, भगवान दयाल विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद, रामेश्वर लाल गौतम, विशुनदेव गौड़ अजय यादव, अनिल मिश्रा, सिंहासन गुप्त, राकेश उपाध्याय, कैलाश चौबे, विकास यादव, भोला प्रसाद, केदार सेठ, यज्ञाचार्य त्रिभुवन पांडेय, देवेन्द्र राय, रमेश राय, शिवासु पान्डेय उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने पत्रकार बंधुओं के संग मनाया रंगोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में गुरुवार कसया स्थित होटल कलश गेस्ट हाउस में देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं के के संग होली मिलन एवं सम्मान समारोह 'रंगोत्सव' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं को रोटरी के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, मिष्ठान एवं होली किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पाण्डेय ने कहा पूर्वजों ने होली का त्योहार भेदभाव के साथ नहीं बल्कि आपसी सौहार्द के लिए प्रारंभ किया। रोटरी के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि किस प्रकार रोटरी में सभी वर्ग के लोग मिलजुल कर सामाजिक कार्य करते हैं इस प्रकार समाज में सबको मिलजुल कर रहना चाहिए। यही हमारे समाज की खूबसूरती है। हम सब भारतीय है। हम आपसी प्रेम से मिलजुलकर होली खेलेंगे। जिस तरह से बंटा हुआ समाज तरक्की नहीं करता वैसे ही बंटा हुआ राष्ट्र तरक्की नहीं कर सकता। राष्ट्र को विकसित करने के लिए संयुक्त प्रयास की जरूरत है। अनेकता में एकता का द्योतक है रंगोत्सव। उपस्थित सभी को होली की गीत गाकर शुभकामनाएं दी। रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोटरी के रूप में हमारा उद्देश्य हमेशा समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देना रहा है। आज के रंगोत्सव समारोह में हम पत्रकार बंधुओ के साथ मिलकर न केवल होली मना रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सद्भावना फैलाने का संकल्प भी ले रहे हैं। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र और एकता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने सभी मतभेद भूलकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाएं। साथ ही पत्रकार साथियों का कार्यक्रम में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया। रोटरी के सचिव अजय सिंह ने होली की बधाई देते हुए सत्र 2024-25 में रोटरी द्वारा कुशीनगर में किए गए सामाजिक कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। स्थानीय नेता प्रेम प्रकाश दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। इस अवसर पर दिनेश तिवारी भोजपुरिया व वीरेश राय ने होली के गीतों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। रोटरी के सदस्य और पत्रकार बंधुओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर और गले मिल कर होली की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार कुमार ओझा, विजय कुमार तिवारी, पवन कुमार शर्मा के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के नामी चेहरे मौजूद रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्राक मेमो0 / मनरेगा / निविदा/ 2024-25 — दिनांक - 15/03/2025

## निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री सदभित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/03/2025 से दिनांक 19/03/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 19/03/2025 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान/ ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा | कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति | कार्य पूर्ण करने की | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बृजेश के घर से ढनगू बाबा के के दरवाजे तक खड़ंजा निर्माण मार्ग | सीधा तगड़ा ईंट | 26796 | 178943.68 | तीन माह | 500/- |

### नियम व शर्त -

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा। 2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा। 3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्य आपूर्तिकर्ता का होगा। 6- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7- आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा/ किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्वन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत चुनोलाएन उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9 निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा। 11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12-बिना कारण यताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रयाग नरायन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धारूपुर
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

जय हिन्द सिंह
तकनीकी सहायक
ग्राम पंचायत धारूपुर
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

रिया वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत धारूपुर
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

# जिले के अधिकारियों से उठ चुका है जनता का विश्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृजेश पाठक सर कारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच,मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े।जिला मुख्यालय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एएनएम सेंटरो तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है।लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की सोच के विपरीत सोच रखता है।तभी तो जिला मुख्या लय पर बैठे अधिकारी नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथालोजी नर्सिंग हो म्स व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है।लेकिन इनके खिलाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा




रहा है कि सीएचसी के जिम्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ल्ले से अपना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।बता दे कि ऐसी पैथॉलॉजियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही न सिंग होम्स में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्यवाही नही होती है।तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभाग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पित करते होंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि

**अब सिर्फ सीएम योगी से आस**

**जिले में अवैध पैथलाजियो,नर्सिंग होम्स,अल्ट्रासाउंड सेंटर पर न तो स्वास्थ्य विभाग न ही जिला प्रशासन कर रहा है कोई कार्यवाही**

**जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा अवैध पैथोलॉजी डायग्नो स्टिक सेंटर पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही**

**मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अवैध रुप से चल रहे क्लीनिक व पैथालाजी सेटरों कार्रवाई क्यों नहीं**

स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करेगा,न ही जिला प्रशासन क्योंकि जि ले के अधिकारियों से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्य वाही करा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ या फिर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंट र व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्यवाही नही हुई है।वही इससे जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रही है...? सीएमओ गोंडा रश्मि वर्मा ? आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग।

# इटियाथोक थाना क्षेत्र में सड़क किनारे पड़ा मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है।यहां विजय गढवा ग्राम पंचायत के मजरा तुरंती पुरवा के पास सड़क किनारे 45 वर्षीय महिला का शव मिला है।मृतका की पहचान धा नेपुर थाना क्षेत्र के गांव पंचायत सिंघवापुर निवासी धनप ता के रूप में हुई है।वह शंकर सिंह चौराहा की रहने वाली थी और अमिरका की पत्नी थी। कल शुक्रवार की देर शाम धनपता अपने घर से लक्ष्मणपुर लाल नगर स्थित मायके के लिए निकली थी।लेकिन वह देर रात मायके नहीं पहुंची जहां आज सुबह शव मिला।ग्राम प्रधान हदीसुल्ला ने डाय ल 112 को सूचना दी।इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश गुप्त के अनुसार, मृतका के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। प्रारंभिक जांच में सड़क दुर्घटना से मौत होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।घटनास्थल के पास कुछ दूरी पर आवासीय क्षेत्र है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# एसपी ने पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मनाया होली का त्यौहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरा न्त पंद्रह मार्च को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन परिक्षेत्र अमित पाठक,जिलाधिकारी नेहा शर्मा व जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए।होली मिल न समारोह के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी ने एक साथ एक दुसरे पर फूलों की बारिश एंव अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।होली मिलन समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत,अपर पुलिस



अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय,समस्त क्षेत्राधिकारीगण,समस्त थानों के थाना प्रभारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे गुरु नानक पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । चिराग तले अंधेरा की कहावत कहीं और नहीं जि ला मुख्यालय पर ही चरितार्थ हो रही है।चौंकिए नहीं वैसे तो पुलिस प्रशासन की नजर में कोई बड़ी बात नहीं है ले किन मुद्दा बड़ा है।बात हो रही है नगर कोतवाली क्षेत्र के गुरु नानक पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों की।एक दो बार नहीं उत्तर प्रदेश के

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर तीन बार आदेश जारी किए।मजाल है कि जिम्मेदारों के कान पर जूं तक रेंगी हो।पहली बार दिए गए आदेश पर तो कुछ हरकत हुई दूसरी और तीसरी बार के निर्देश पर कुछ भी नहीं।नतीजा शहर से लेकर कस्बों तक अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन बदस्तूर जारी है।शुरूआत शहरी इलाके से ही करते हैं। रो डवेज बस स्टैंड के निकट,गुरु नानक पुलिस चौकी के साम ने सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला में



बनी दुकानों के सामने बीच सड़क सड़क पर संचालित टैक्सी व बस स्टैंड कैसे चल रहा है...? यहां से बस समेत अन्य डग्गामार वाहन बे खौफ होकर सवारियां भरते हैं।गुरु नानक पुलिस चौकी और रोड़वेज पुलिस चौकी के सामने रोड पर तो अवैध टैक्सी स्टैंड वालों की बादशाहत चलती है।रोडवेज बस अड्डे पर तो खैर कहना ही क्या,टैक्सियां यहां ऐसे खड़ी होती हैं जैसे एलाट किया गया हो स्थल।परिवहन निगम के अधिकारी लिखते - लिखते हार गए लेकिन सब जस का तस ही है।क्योंकि पुलिस वालों के सामने ही सड़क पर वा हन को खड़ी होकर सवारियां भरते हैं अवैध टैक्सी संचा लित हो रही हैं लेकिन कोई पूछने वाला नहीं हैं।हद तो यह है कि अफसरों ने पहले आदेश पर भी नगर कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक प्रभारी अंजान बने हुए हैं।

**क्या निजी ठेकेदारों और पुलिस के संरक्षण में चल रहे हैं टैक्सी स्टैंड..?**

सूत्रों के अनुसार तहसील क्षेत्र में निर्धारित रूटों पर चल रहे टैक्सी वाहन स्टैंडों पर प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है।इन्हें निजी ठेकेदारों और स्थानीय पुलिस व ट्रैफिक प्रभा री के द्वारा संरक्षित कर चलाया जा रहा है।इनकी वसूली मुट्ठी भर लोगों की मिलकियत बन चुकी है।गोण्डा - अयो ध्या,फैजाबाद रूट पर संचालित किया जा रहा है।गोंडा से बलरामपुर रूट पर संचालित किया जा रहा है।सूत्र बता रहें है कि पुलिस चौकी के सामने सड़क पर खड़ी करने के लिए हर महीने पचास से साठ हजार रूपये हर महीने की वसूली की जाती है।गोंडा अयोध्या मार्ग पर चलने वाले वाहनों की संख्या सैकड़ो के आस-पास हैं जबकि अन्य रू टों पर संख्या इनकी लगभग दर्जनों में है।

# होली में 'मदिरा प्रेमियों' का सुरूर उतार रही ओवर रेटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में व्यवस्थायें बदल रहीं,माहौल बदल रहा है...अमृतकाल की इस बेला में अब तो विष भी मयस्सर नहीं हो रहा...कुछ ऐसी ही अजीबोगरीब व्यथा अब बीते कुछ दिनों से इस फगुआ होली के वातावरण में मदिरा प्रेमियों की होती जा रही हैं।इनके इस मदिरा कथा को यदि सरल व सहज शब्दों में समझा जाये तो,यही मंतव्य निकल कर आता है कि आबकारी विभाग की तमाम हाईटेक का र्य प्रणाली,ऑनलाइन मॉनीटरिंग के बावजूद भी रंगों के इस त्यौहार में शराब प्रेमियों का खुमार, सुरूर...या तो कुछ पल के लिये उड़ जा रहा है या फिर फीका पड़ जा रहा है।किसी एक मामले की बात करें तो प्रकरण केवल दस से बीस रुपये ओवर रेटिंग की है,मगर इस त्यौहारी वाले पीक सीजन में केवल कुछ दिनों के लिये भी सरकारी सिस्टम प्रदेश में ई-लॉटरी के जरिये आवंटित हुए मॉडल शाप,अंग्रेजी-बीयर कंपोजिट दुकान और देसी मदिरा दुकानों से ओवर चार्जिंग को लेकर आंखें मूंद ले तो...

लगाईये आंकड़ा,जोड़िये हिसाब-किताब,कितनी शराब बिकेगी,और इस दौरान एकमात्र इस अनधिकृत फंडे के जरिये काउंटरों




पर शराब बेचने वाले या फिर इनसे किसी रूप में जुड़े सिंडिकेट कितने लाखों-करोड़ों रुपये का वारा-न्यारा कर देंगे और इसका एक भी अंश सरकारी खजाने में नहीं गया होगा।उसमें भी किसी पढ़े-लिखे,होश में रहते हुए किसी समझदार मदिरा प्रेमी ने अगर इस ओवर रेटिंग के खेल को ऊपर सही जगह पहुंचा दिया तो...जनता के बीच सरकार,आबकारी विभाग की क्या इमेज रह जायेगी, आईये आपको बताते हैं ऐसे प्रकरण जिनमें कुछ ऐसे ही पीड़ित मदिरा प्रेमियों और कुछ फ़ेसबुक और आबकारी विभाग के ऑफिशियल एक्स हैंडिल वेबसाइट पर अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई है।कैनविज टाइम्स शराब ओवर रेटिंग के वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है. कुछ ऐसे ही मामले सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सर्च के दौरान मिले है जहाँ पर

**गोण्डा में पीड़ित शराब प्रेमी सोशल मीडिया पर कर रहे शिकायत**

**होली में आबकारी गोदाम में खूब बटी फ्री में शराब की बोतले..कहाँ से होगी इसकी भरपाई**

दुकानदार के द्वारा दस से बीस रुपए ज्यादा लिए जा रहे हैं।वही कुछ लोगों ने तो बका यदा इसकी शिकायत यूपी एक्साइज,डीएम,चीफ सेक्रेटरी,यूपी गवर्मेंट,यूपी केन विभाग आदि के एक्स हैंडिल पर तक कर दिया है।वहीं जानकारी आ रही कि गोण्डा जिले में देसी शराब के ठेकों पर लगातार ओवर रेटिंग जारी है, प्रिंट रेट से बीस रुपये अधिक वसूला जा रहा।वहीं अंग्रेजी दारू की दुकान चौक बजार,रोडवेज बस स्टॉप,बड़गांव पुलिस चौकी के पास में भी छपे दाम के ऊपर शराब की बिक्री जा रही है,हालांकि जिले के आबकारी विभाग के अधिकारियों से ओवर रेटिंग के बारे में जब उनसे फोन जानकारी करने की कोशिश की गई तो आबकारी विभाग के अधिकारी अपना फोन उठाना उचित नहीं समझा और उनसे ओवररेटिंग के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

# एसएसबी कमांडेंट ने होली पर्व पर एकता सौहार्द्र एवं आपसी सहयोग का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा के परिसर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनीं के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला तथा परिवार के अन्य सदस्यगण, सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं संदीक्षा परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान जवानों एवं अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं । इस अवसर पर कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने अपने संबोधन में कार्मिकों को एकता, सौहार्द्र एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया । उन्होंने सभी जवानों से अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने एवं देश की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया । सीमा पर तैनात कर्मिकों ने होली के अवसर पर पुलिस, वन विभाग एवं एपीएफ नेपाल के साथ मिलकर मनाया समारोह के



अंत में कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाए दी। होली के अवसर पर विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने पारंपरिक मिठाइयों में गुजिया एवं व्यंजनों का आनंद लिया । इस आयोजन ने न केवल जवानों के मनोबल को ऊँचा किया, बल्कि उन्हें अपने परिवार से दूर रहते हुए भी एक पारिवारिक वातावरण का अनुभव कराया। 59वी वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल में आयोजित यह उत्सव प्रेम, सौहार्द्र और अनुशासन का प्रतीक बना, जिसने जवानों के बीच आपसी सहयोग एवं समर्पण की भावना को और अधिक सशक्त किया ।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों से बातचीत के लिए किया आमंत्रित

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों से तीस अप्रैल तक ईआर ओ,डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दों के लिए सुझाव आंममित्र किए है।राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिक ल्पना की है।इससे पहले पिछले सप्ताह ईसीआई की बैठ क के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के सीईओ,डीईओ और ईआरओएस को राजनैतिक दलों के साथ नियमित बात चीत करने,ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनैतिक दलों से विकेन्द्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले 28 हितधारकों में से आयोग ने राजनैतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक माना हैं। राजनैतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाता ओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई की वेबसाईड पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत,मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ में श्मशान की राख से खेली गई मसान होली

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के कादीपुर क्षेत्र में अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ में एक अनूठी परंपरा निभाई गई है। यहां फाल्गुन मास की चतुर्दशी को मसान होली का गुरुवार रात आयोजन किया गया। 'चिता भस्म होली' के नाम से जानी जाने वाली मसान होली खेली गई है। पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा के मार्गदर्शन में यह होली मनाई' जाती है। उनका कहना है कि मृत्यु को शोक के बजाय जीवन का एक चक्र मानकर स्वीकार करना चाहिए। यह होली भगवान शिव को समर्पित है, जो मृत्यु के देवता भी हैं। यह भगवान शिव और माता पार्वती के काशी आगमन से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि भगवान शिव ने यमराज को पराजित करने के बाद मसान में होली खेली थी। एक अन्य कथा के अनुसार, रंगभरी एकादशी के दिन भगवान शिव, माता पार्वती को काशी लाए। इस दौरान उन्होंने अपने गणों के साथ रंग-गुलाल से होली खेली। हालांकि, इस होली के दिन श्मशान में रहने वाले भूत-प्रेत, पिशाच, यक्ष, गन्धर्व और किन्नर उस होली से वंचित रह गए थे। मान्यता है कि इसीलिए भगवान शिव ने उनके साथ अलग से होली खेली। यह परंपरा सिर्फ काशी तक ही सीमित नहीं है। सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर तहसील क्षेत्र के अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ अल्देमऊ नूरपुर में भी मनाई जाती है। यहां भक्त अबीर-गुलाल के साथ चिता की राख से होली खेलते हैं। इस दौरान पारंपरिक फगुआ गीतों की धुन पर भक्तगण झूमते हैं। इस बार पूरे उल्लास और उमंग के साथ मसान होली का आयोजन किया गया।

## जामो में होली के दिन बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो क्षेत्र के गांव लालूपुर ढबिया के पास होली के दिन दो बाइको की आमने सामने टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जबकि दो युवकों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव लालूपुर ढबिया के पास शुक्रवार को सुबह करीब नौ बजे एक बाइक सामने से आ रही बिना नंबर की अपाचे से आमने सामने की टक्कर हो गई। टीवीएस स्पोर्ट बाइक के चालक मदन कुमार मिश्र पुत्र कामता प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम अंतू पाण्डेय का पुरवा कटेहटी जिला प्रतापगढ़ और अजय कुमार पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम भोए थाना जामों जिला अमेठी की घटना स्थल पर है दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल रोहित कुमार पुत्र मेहीलाल, अभिषेक कुमार पुत्र शिवकुमार निवासीगण भोए थाना जामों व एक अज्ञात महिला गम्भीर रुप से घायल हो गई है जिनको घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों में प्राथमिक इलाज कर जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

मौत की खबर ने मातम में बदला गांव में होली का उल्लास

अमेठी,होली का उल्लास भोये गांव में पूरे शबाब था कि तभी सड़क हादसे की खबर ने पूरे गांव वालों को झगझोर कर रख दिया। गांव के ही अशोक कुमार पाण्डेय जो कि पाण्डेय ढाबा संचालक भी हैं, उनके पुत्र की हादसे की मौत और गांव अन्य दो युवकों के घायल होने की सूचना मिली। गांव में कोहराम मच गया। फिर क्या सभी होली मनाना छोड़ घटनास्थल की तरफ भागे।

# जमकर बरसा रंग, रंगों में सराबोर नजर आए बहराइचवासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जनपद में रंगोत्सव पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया। होरियार रंगों को लेकर काफी उत्साहित दिखे। बृहस्पतिवार देर रात होलिका दहन के बाद रंग खेलने की परम्परा शुरू हो गई। चौक चौराहें होली गीतों से गुलजार रहे।होली की मस्ती में युवा गीतों पर थिरकते नजर आए।शहर के घण्टाघर, छावनी चौराहा, अग्रसेन तिराहा, हॉस्पिटल चौराहा, पानी टँकी, डीएम तिराहा, नगर पालिका चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में होरियार रंगों की मस्ती में डूबे प्रेम, सौहार्द की भक्ति में लीन रहे।शुक्रवार की सुबह होली के मुख्य पर्व के मद्देनजर घंटाघर पर बहराइच होली समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊ, महामंत्री सुमित खन्ना व अन्य पदाधिकारी एक दूसरे को अबीर, गुलाल व रंग लगाकर होली की बधाई प्रेसित कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर छावनी चौराहे व अग्रसेन तिराहे पर होरियारों की टीम मस्ती के मूड में होली गीतों पर थिरकते नजर आए।होलिकोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की टीम शांति व्यवस्था के लिए चौक चौराहें पर मार्च करती दिखाई पड़ी।

**नर सिंह शोभायात्रा रही आकर्षण का केन्द्र**

शुक्रवार की सुबह नगर के पंचायती मन्दिर छावनी चौराहे से नर सिंह शोभायात्रा



की शुरुआत हुई।शोभायात्रा में भगवान स्वरूप श्री राम जी व लक्ष्मण जी रंगों से सराबोर सभी पर गुलाल,अबीर व फूलों से होली खेलते हुए नगर भ्रमण कर रहे थे।यह शोभायात्रा छावनी चौराहे से शुरू होकर घण्टाघर, पीपल तिराहे होते हुए चौक बाज़ार स्थित श्री हनुमानजी के मंदिर पर समाप्त हुई।

**होलिका दहन पर हुई चिता भस्म मसान होली**

बहराइच होली समिति के तत्वावधान में श्री महाकाल सेवक मण्डल द्वारा होलिका दहन के अवसर पर घण्टाघर प्रांगण में चिता भस्म मसाने की होली खेली गई।भस्म मसाने की होली देखने के लिए दूर दराज से दर्शक शाम से घण्टाघर प्रांगण में जुटने लगे थे।तीन चिताओं को सजाकर भोले शंकर के भक्तों ने जमकर मसाने की होली खेली।पूरा प्रांगण अबीर,गुलाल से सराबोर था।

**घण्टाघर पर आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम**

परम्परागत रूप से होली पर्व के मुख्य दिवस सांय में होली समिति द्वारा शहर की धड़कन कहे जाने वाले घण्टाघर पार्क में होली मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड,पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा,सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल,पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैया लाल रूपानी,विभाग प्रचारक कृष्ण

## चिता भस्म मसाने की होली रही आकर्षण का केन्द्र

कुमार जी,विभाग कार्यवाह भूपेन्द्र जी,जिला प्रचारक अजय जी,पयागपुर संयोजक निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,गौरव वर्मा,राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।होली समिति द्वारा सभी को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।तत्पश्चात समिति द्वारा बुरा न मानो होली है स्लोगन के तहत जनपद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों,पत्रकारों, चिकित्सकों,व्यापारियों एवं होली समिति के पदाधिकारियों को उपाधियां भेंट की।उपाधियों का संचालन पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने किया।उपाधि वितरण के बाद गीत,संगीत का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।जबकि मंच का संचालन मंदीप सिंह वालिया ने किया।

त्रिमुहानी घाट के श्री हनुमानजी के मन्दिर पर आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम शनिवार की सुबह त्रिमुहानी घाट स्थित श्री हनुमानजी के मन्दिर पर भजन,कीर्तन, प्रसाद वितरण के साथ होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान बहराइच होली समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

**बहराइच होली समिति के पदाधिकारी चप्पे चप्पे पर रहे तैनात**

होलिकोत्सव पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बहराइच होली समिति द्वारा पदाधिकारियों को क्षेत्रवार दायित्व सौंपे थे जो चप्पे चप्पे पर तैनात रहे।

**इनकी रही भूमिका**

सतरंगी पर्व को उल्लासपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए बहराइच होली समिति व जिला प्रशासन के समन्वय से कही भी किसी तरह की कोई घटना सामने नही आई।शुक्रवार का दिन होने के बाद भी दोनों समुदाय के लोगो ने आपसी सहमति से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाया।होलिकोत्सव कार्यक्रम में दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी,सुमित कुमार खन्ना, कृष्ण गोपाल तायल,सुरेश गुप्ता,सुदामा मिश्रा,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अद्वैत शैलवरांश,कन्हैया सोनी,विष्णु कुमार शर्मा,सुधाकर मिश्रा,उमा शंकर सोनी,राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज,मंदीप सिंह वालिया,योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता,अंकित सिंह,नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू,अनुराग रस्तोगी,राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा,मनीष रस्तोगी,अमित टण्डन,मनोज मिर्ची इन लोगो की महती भूमिका रही।

# प्रधान के आवास पर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन, उपस्थित रहे कई ग्रामीण




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। होली के इस पावन पर्व पर ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद ने हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम की है।होली अच्छाइयों एवं भाईचारा का प्रतीक है। ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद के आवास पर हुआ होली मिलन का कार्यक्रम तहसील पूरनपुर क्षेत्र के सेहरामऊ उतरी की ग्राम पंचायत गोरा में ग्राम प्रधान के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की मुबारकबाद पेश की है। भाई चारा का संदेश देते हुए होली की शुभकामनाएं देते हुए। गंगा जमुना की तहजीब पेश की है। प्रधान ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सभा के लोगों ने पहुंचकर एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर गले मिलाया शुभकामनाएं एक दूसरे से प्रदान की है ।इस दौरान ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद ने सभी लोगों को गुलाल लगाते हुए मिठाई खिलाकर लोगों को गले लगा लिया है ।ग्राम पंचायत गोरा में ग्राम प्रधान ने अपने संबोधन में बताया कि होली के ऊपर शांति कायम करते हुए होली मनाने की सबसे अपील की। होली अच्छाइयों का प्रतीक है जो सब कुछ भुलाकर भाईचारे का संदेश देता है।इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोरा के राम कुमार,राजकुमार,अतुल कुमार विकास कुमार रविंदर सोनू सेवक राम,अवधेश कुमार,विश्राम, दीपक, शेखर, मनोज, करन,वीरेंद्र कुमार,राजेश कुमार, नरेश कुमार,अमन कुमार, आकाश कुमार,गोवर्धन ,आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# अवैध खनन कर्ताओं के ऊपर एसडीएम का रात में ही चला चाबूक खनन माफियाओं में मचा हड़कंप



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में खनन में प्रयोग पांच ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर तहसील में खड़ा कर की गई कार्रवाई**

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव राजीव नगर के पास में वुधवार की रात्रि लगभग दस बजे के समय अवैध मिट्टी खनन का काम चल रहा था। मामले की जानकारी एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को लगी तो वह तहसीलदार हबीबुर्रहमान व नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित के साथ रात्रि में ही मौके पर पहुंचे और इस दौरान अवैध खनन में लगी पाँच मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। फिलहाल खनन माफिया को जानकारी लगने पर वह मौके से जेसीबी मशीन लेकर फरार हो गया। उप जिला अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में खनन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। खनन में पकड़ी गई ट्रालियों की जानकारी लगते ही खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया और तहसील के आसपास रात में ही दलाल किस्म के लोग ट्रालियों को छुड़ाने में लग गए लेकिन उप जिला अधिकारी अजीत प्रताप सिंह के सख्त तेवर देखते हुए खनन माफिया तहसील के दाएं बाएं घूमते रहे।लेकिन उनकी हर कोशिश नाकाम हो गई है। जिसकी चर्चा तहसील क्षेत्र में पूरे दिन होती रही हैं।

# जिले के पांच मुक्केबाज बहराइच में दिखाएंगे अपने पंच का पॉवर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वधान में जूनियर समन्वय बालक वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता के मंडलीय ट्रायल में जिले से सार्थक शर्मा भार वर्ग 46-48, शनि गौतम 48-50, सुमित 50-52 नैतिक विक्रम सिंह 57-60, दीपक 60-63 भार वर्ग आदि खिलाड़ियों का चयन हुआ है राज्य स्तर पर दिखायेंगे अपने पंच का पॉवर। सुल्तानपुर बॉक्सिंग एकेडमी से बॉक्सिंग कोच बॉक्सर विजय यादव से प्रशिक्षण ले रहे हैं, डॉ भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम डाबा सेमर अयोध्या में चयनित ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे जोकि 19 से 22 मार्च के मध्य इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों की इस सफलता में सुल्तानपुर जिला बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारी संरक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष पुलकित सिंह, चेयरमैन बॉबी खान, प्रवक्ता अनिल द्विवेदी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के भटनागर,उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशुतोष झा,रविन्द्र शुक्ला,संदीप सिंह (हैलो चैंप स्कूल), विवेक सिंह, पवन मौर्या,प्रणय चंद्र शुक्ला,राज कुमार साथ में जिले के खेल संघ ओलंपिक संघ सचिव पंकज दुबे, वॉलीबॉल कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा, चंदन नारायन सिंह, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, राजेश कन्नौजिया, नवीन मिश्रा, आशीष प्रजापति आदि ने बधाई दी।

# तालाब में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों ने पकड़ा प्रधान ने दिया इनाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बिही निदूरा गांव में गुरुवार को एक मगरमच्छ तालाब में लगाए गए जाल में फंस गया। मगरमच्छ के फंसने की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। गांव के तालाब में कई दिनों से मगरमच्छ देखा जा रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई थी। कई बार मगरमच्छ तालाब से बाहर भी निकल आता था, लेकिन वन विभाग की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। डर के कारण ग्रामीणों ने तालाब के किनारे जाना भी बंद कर दिया था। गांव के प्रधान ने ग्रामीणों की दहशत को देखते हुए तालाब में जाल लगवाने का फैसला किया। गुरुवार को जब ग्रामीणों ने जाल की जांच की तो उसमें मगरमच्छ फंसा हुआ था। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग तालाब के पास जुट गए। गांव के प्रधान प्रतिनिधि विजय पासी ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने हिम्मत



दिखाते हुए मगरमच्छ को तालाब से बाहर निकालने में सफलता हासिल की। प्रधान प्रतिनिधि ने मगरमच्छ को पकड़ने वाले ग्रामीणों को 2100 रुपये का नगद इनाम देकर उनका हौसला बढ़ाया। गांव में मगरमच्छ देखे जाने की खबर पहले भी कई बार वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग समय पर ध्यान देता, तो उन्हें खुद इस तरह का कदम उठाने की जरूरत नहीं पड़ती। फिलहाल वन विभाग की टीम ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए मगरमच्छ को अपने साथ ले गई। प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा कराई गए इस पहल की सराहना हर कोई कर रहा है।

# सात लाख रुपये की स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत कुल सत्तर ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत सात लाख रुपये बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुजीत कुमार पुत्र मटरू निवासी अहिरन सरैया थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब बीस वर्ष को पलिया पश्चिम रेलवे क्रासिंग के पास से तीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक शिव मूर्ति यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सूरज गौतम पुत्र पुत्र मटरू निवासी अहिरन सरैया थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब पच्चीस वर्ष को मोटरसाइकिल पैशन प्रो नम्बर यूपी 32 डीजे 7710 के साथ सिन्दूरवा रेलवे क्रासिंग के पास से चालीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष अमिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त सत्तर ग्राम स्मैक की अनुमानित कीमत सात लाख रुपया बताई जाती है।

# अमेठी में शांतिपूर्ण तरीके से निपटा होली का त्यौहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। होली के त्यौहार व जुमा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र इन्हौना जगदीशपुर और जायस में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने होली पर्व व जुमा की नमाज के अवसर पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र इन्हौना,जगदीशपुर और जायस के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद लोगों से वार्ता की गयी तथा त्यौहार को शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर मनाने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।थानाध्यक्ष एवं ड्यूटी में लगे कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान तिलोई के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह,सेक्टर मजिस्ट्रेट खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी व थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार यादव, रवि कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की आज होगी घोषणा

अमेठी,भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा सोलह मार्च को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर की जायेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष की घोषणा एक बैठक में की जायेगी।बैठक लेने के लिये मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल व पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह मौजूद रहेंगे।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक अपराह्न एक बजे होंगी।बैठक में जिला पदाधिकारी,मोर्चो के जिलाध्यक्ष व महामंत्री,जिले में निवास करने वाले राष्ट्रीय,प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि व प्रमुख कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।बैठक के अंत में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल नये जिलाध्यक्ष की घोषणा करेंगे। इसके बाद नये जिलाध्यक्ष का स्वागत किया जायेगा।

## युवा भाजपा नेता राहुल पांडे ने मनाया पूर्व सांसद का जन्म दिन उपस्थित रहे कई लोग



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व पीलीभीत और सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रह चुके वरुण गांधी का 45 वां जन्मदिन उनके प्रतिनिधि रह चुके राहुल पांडे ने अपने निजी कार्यालय पर समर्थकों के साथ धूमधाम से मनाया हैं।इस मौके पर शिवम् यादव,हरे राम पांडेय,राहुल राठौर,रिजवान,शिवम् भारती, राजेश पाण्डेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे हैं।

## नगर में व्यापार मंडल ने फूलों से खेली होली

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा होली रमजान और जुमें की नमाज को लेकर चर्चा की गई। उसके बाद सभी धर्म के लोगों भाईचारे का संदेश देते हुए आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान मेन रोड पर पड़ने वाली मस्जिदों में जुमें की नमाज का टाइम 2:30 रखने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पूरनपुर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह,भाजपा विधायक बाबूराम पासवन, पूरनपुर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी, क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हसंराज गुलाटी,नगर अध्यक्ष जाहिद खा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि व्यापारियों की बैठक में सभी धर्म के लोगों ने फूलों से होली खेलकर भाईचारे का पैगाम दिया है।

## घर में घुसकर ग्रामीण पर जानलेवा हमला

कलीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम हरिपुर फुलहर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राम अवतार ने थाना माधोटांडा में दी तहरीर में कहा कि पीड़ित अपने घर पर नहाने जा रहा था इसी दौरान अभिषेक पुत्र अजय पाल,अनुज पुत्र ओमप्रकाश, विजयपाल पुत्र मोहनलाल उपरोक्त सभी एक राय होकर पीड़ित के पिता जो विकलांग है। उनको लाठी डंडों बेल्टों से मारने लगे पीड़ित के ताऊजी को भी मारा पीटा पीड़ित अपने विकलांग पिता के साथ घर पर था जब पीड़ित अपने पिता को बचाने का प्रयास किया तो उक्त व्यक्तियों ने पीड़ित को भी लाठी डंडों बेल्टों से मारते हुए लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से प्रहार कर दिया जिससे पीड़ित के शरीर पर काफी चोटे आई हैं। पीड़ित घायल हो गया फिर भी उपरोक्त लोग घसीटते हुए गांव के चौराहे पर ले गए और पीड़ित के पिता की पेंट में रखे चालीस रुपया निकाल लिया पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने पर की है।

## नशे की गोलियां खिलाकर मारपीट व प्रताड़ित करने व तेजाब डालने की दी धमकी पुलिस से शिकायत नहीं दर्ज हुआ अभी तक मुकदमा

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। बरेली रामगंगा नगर कॉलोनी की रहने वाली एक युवती ने बताया कि उसने पूरनपुर मोहल्ला रजागंज के रहने वाले अरमान पुत्र शफीउल्ला के साथ 31-12- 2023 को प्रधान के घर निकाह किया था। निकाह के बाद अरमान उस पर आए दिन मायके से पैसे मंगाने को लेकर दबाव बनाकर मारपीट करता था।उसके इन कार्यों में अरमान का बड़ा भाई और भावी भी मदद करते थे। आरोप है।कि उसको जान से मारने की नीयत से नीद की गोलियां रोज खिलाया करते थे। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। पीड़िता की अधिक तबीयत खराब होने पर वह बरेली अपने घर चली गई। बृहस्पतिवार को पीड़िता ने कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता जल्द ही पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई करने की मांग करेगी। जिससे पीड़िता को न्याय मिल सके।

# नरसिंह भगवान की यात्रा मे बूढ़े और जवान भी होली के रंग मे डूबे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। कुशभवनपुर में होली के पारंपरिक स्वरूप को सुंदर अच्छे ढंग से सामाजिक समरसता के साथ मनाने का एक प्रयास काफी सफल रहा। जिसे भक्तिपूर्ण माहौल में अबीर गुलाल और फूलों के साथ जमकर होली खेली और थिरके भी ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में होलिकोत्सव आयोजन समिति के अंतर्गत शुक्रवार को कार्यक्रम चौक घंटाघर पर ध्वज वंदन, भगवान नरसिंह भागवान की शोभायात्रा निकाली गयी। जो कि चौक से ठठेरी बाजार, पंचरास्ता, जिला अस्पताल - पंचमुखी हनुमान जी मंदिर, शाहगंज होते हुए पुनः चौक पर समाप्त हुई। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने नाचते गाते होली खेलते हुए होली मनाई। सीता कुंड घाट के निकट मन्दिर पर भी जमकर लोगो ने होली खेली। नवयुवको ने कपड़ा फाड़ होली खेलकर उत्सव मनाया।



इस मौके पर विभाग संघ चालक डॉ अरुण कुमार सिंह, नगर संघ चालक, डॉ रमाशंकर मिश्र, होलिकोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक राधेश्याम सोनी बाबा और डॉ सीताशरण त्रिपाठी, अध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, उपाध्यक्षगण प्रवीण भालोठिया, अरुण श्रीवास्तव, प्रवीण अग्रवाल चेयरमैन, संगठन मंत्री सुनील श्रीवास्तव, सहमंत्री अभिषेक, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रचार प्रमुख वीरेंद्र भार्गव , डॉ राम जी गुप्ता,आलोक कुमार आर्य आदि उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं ने काशीराम की मनाई जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी पीलीभीत कार्यालय पर वंचितों,उपेक्षितों और उत्पीड़ितों के राजनीतिक एकीकरण एवं उत्थान के पुरोधा महान समाज सुधारक बहुजन नायक मान्यवर काशीराम की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं कार्यक्रम का संचालन 128 विधानसभा बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर ने किया।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन कहा मान्यवर कंशीराम को बहुजन नायक या मान्यवर के नाम से भी जाना जाता है।मान्यवर कंशीराम एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।जिन्होंने बहुजनों ,भारत में जाति व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी या निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया।एवं सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर ,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू सहित तमाम सम्मानित नेतागणों अपने अपने विचार रखें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा जिला उपाध्यक्ष हाज़ी अकबर अहमद अंसारी,128 विधानसभा बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,धनपत वर्मा एडवोकेट, सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,शेखर यादव,दिनेश कुमार वर्मा,भगवानदीन वर्मा,कृपाल वर्मा,जोवनप्रीत सिंह,नूर हसन,सदाकत अली,भगवानदास गौतम,आशीष सक्सेना एडवोकेट,मयंक यादव,नवीहसन,चंद्रप्रकाश, नफीस आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# नफरती मंसूबे

अलगाववादियों के एजेंडे को लेकर पश्चिमी देशों की सरकारों के प्रश्रय से मुखर हुए कुछ अराजक तत्वों द्वारा अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वहां आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई। इससे पहले भी आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। जाहिर है ऐसे आपराधिक तत्वों की मंशा आतंक फैलाना ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की निंदा की है, लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विष वमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति के अंग-संग रहने वाले समाज को विभाजित करके घृणा का कारोबार करने वाले तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल,ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। आखिर मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती। बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। विडंबना यह है कि अमेरिका,ब्रिटेन व कनाडा की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं। लेकिन जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं। निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास ही आएगी। ऐसे ही अलगाववादियों के कृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। पिछले साल हिंदू महासभा के मंदिर परिसर में मंदिर प्रशासन व भारतीय उच्चायोग द्वारा लगाए गए वीजा शिविर को निशाना बनाया गया था। अभी हाल ही में ब्रिटेन में विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया था। इससे पहले दो वर्ष पूर्व भी पृथकतावादियों ने भारतीय उच्चायोग परिसर में घुसकर तिरंगा निकाल दिया था। तब भी भारत सरकार ने ब्रिटेन की सरकार से कड़ा प्रतिवाद किया था। लेकिन हाल ही में विदेशमंत्री के काफिले को निशाना बनाया जाना बताता है कि ब्रिटिश सरकार की उदासीनता से अलगाववादियों के हौसले बुलंद ही हुए हैं। यहां सवाल ब्रिटिश सरकार पर भी उठता है कि वह विदेशी राजनयिकों को सुरक्षा देने में नाकाम है। इसके अलावा भारत सरकार लगातार अलगाववादियों पर अंकुश लगाने को कहती रहती है। हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। यह भी सवाल उठना स्वाभाविक है कि विदेश मंत्री के सामने नारेबाजी कर रहे ऐसे तत्व सुरक्षा घेरे को तोड़कर कैसे विदेशमंत्री की कार के करीब तक पहुंच गए। घटना से स्पष्ट है कि उच्च स्तर पर सुरक्षा में चूक का मामला है।

# नदियों को विवाद नहीं, विकास का माध्यम बनाये

**नदियों के लिए 28वें अंतर्राष्ट्रीय कार्य दिवस पर ताजा पानी उपलब्ध कराने, जैव विविधता को बढ़ावा देने से लेकर जलवायु को नियंत्रित करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने तक स्वस्थ, निर्मल एवं पवित्र मुक्त बहने वाली नदियाँ इंसानी जीवन के साथ प्रकृति, कृषि के लिये महत्वपूर्ण हैं। यह दिन व्यक्तियों और संगठनों को नदी संरक्षण की दिशा में कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में भारत सहित दुनिया की तमाम नदियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। नदियों के सामने जहां प्रदूषण व अतिक्रमण जैसी भयावह चुनौतियां खड़ी हैं, वहीं उनमें निरंतर घट रही पानी की मात्रा भी गंभीर चिंता में डालने वाला है। कस्बों व शहरों के घरेलू, औद्योगिक कचरे एवं गन्दगी के बहिस्राव के कारण नदियों ने गंदे नाले का रूप लेना प्रारंभ कर दिया है। सैकड़ों बरसाती नदियां बहुत पहले ही अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। आज जब नदियां प्रदूषित हो रही हैं तो किनारे बसा समाज भी उस प्रदूषण के असर से बच नहीं पा रहा है। हमारी कृषि व्यवस्था का कुछ हिस्सा भी उससे प्रभावित हो रहा है। आज गंदे पानी को नदी जल से अलग रखने के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस गंदे पानी को उपचारित करके उसे कृषि कार्यों व उद्योगों में उपयोग में लाया जा सकता है। हमारी जिन नदियों ने नालों का रूप धारण कर लिया है, उन्हें पुनः नदी बनाने की जरूरत है, नदियों के प्रति मित्रवत व्यवहार रखना तथा उनकी चिंता करना जरूरी है। समूची दुनिया में पीने का शुद्ध पानी एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पानी अत्यधिक जहरीला हो चुका है। इस कारण पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करके विश्व स्तर पर लोगों को नदियों को बचाने के बारे में बात करने के लिए अग्रसर करना एवं उनमें जागरूकता पैदा करना है।**

नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो?शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के?बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों के समक्ष आने वाले खतरों, जैसे प्रदूषण, आवास की क्षति और जल संसाधनों के अत्यधिक दोहन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हर साल 14 मार्च को, 'नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस' मनाया जाता है, जो नदियों और उनके संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच है, ताकि नदियों और समुदायों की एकजुटता बढ़ाई जा सके और नदियों के महत्व के बारे में जागरूकता लाई जा सके। इस दिवस की 2025 की थीम 'हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य' है। इस दिवस की शुरुआत 14 मार्च 1997 को कुर्टिबा, ब्राजील में बांधों से प्रभावित लोगों की पहली अंतर्राष्ट्रीय बैठक में हुई थी। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। बढ़ते नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिये उनमें को अपशिष्ट या सीवेज, कारखानों से निकलने वाले तेल, कैमिकल, धुंआ, गैस, एसिड, कीचड़, कचरा, रंग को डालने से रोकना होना, हमने जीवनदायिनी नदियों को अपने लोभ, स्वार्थ, लापरवाही के कारण जहरीला बना दिया है। दुनियाभर में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश एवं दुनिया के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। नदियों को विवाद बना दिया है, आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक मानवीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। जीवन में श्रेष्ठ वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त दे रखी हैं- पानी, हवा और प्यार। और आज वे ही विवादग्रस्त, दूषित और झूठी हो गईं। नदियों के लिए 28वें अंतर्राष्ट्रीय कार्य दिवस पर ताजा पानी उपलब्ध कराने, जैव विविधता को बढ़ावा देने से लेकर जलवायु को नियंत्रित करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने तक स्वस्थ, निर्मल एवं पवित्र मुक्त बहने वाली नदियाँ इंसानी जीवन के साथ प्रकृति, कृषि के लिये महत्वपूर्ण हैं। यह दिन व्यक्तियों और संगठनों को नदी संरक्षण की दिशा में कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में भारत सहित दुनिया की तमाम नदियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। नदियों के सामने जहां प्रदूषण व अतिक्रमण जैसी भयावह चुनौतियां खड़ी हैं, वहीं उनमें निरंतर घट रही पानी की मात्रा भी गंभीर चिंता में डालने वाला है। कस्बों व शहरों के घरेलू, औद्योगिक कचरे एवं गन्दगी के बहिस्राव के कारण नदियों ने गंदे नाले का रूप लेना प्रारंभ कर दिया है। सैकड़ों बरसाती नदियां बहुत पहले ही अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। आज जब नदियां प्रदूषित हो रही हैं तो किनारे बसा समाज भी उस प्रदूषण के असर से बच नहीं पा रहा है। हमारी कृषि व्यवस्था का कुछ हिस्सा भी उससे प्रभावित हो रहा है। आज गंदे पानी को नदी जल से अलग रखने के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस गंदे पानी को उपचारित करके उसे कृषि कार्यों व उद्योगों में उपयोग में लाया जा सकता है। हमारी जिन नदियों ने नालों का रूप धारण कर लिया है, उन्हें पुनः नदी बनाने की जरूरत है, नदियों के प्रति मित्रवत व्यवहार रखना तथा उनकी चिंता करना जरूरी है। समूची दुनिया में पीने का शुद्ध पानी एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पानी अत्यधिक जहरीला हो चुका है। इस कारण पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करके विश्व स्तर पर लोगों को नदियों को बचाने के बारे में बात करने के लिए अग्रसर करना एवं उनमें जागरूकता पैदा करना है। नदियाँ भी अत्यधिक ख़तरे में हैं, विश्व की 10 प्रतिशत से भी कम नदियां सुरक्षित हैं। इस दिवस की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब हम नदियों की रक्षा में अग्रणी समुदायों और नागरिक समाज के आंदोलनों को मजबूत करें। मजबूत डेटा और साक्ष्य उत्पन्न करने के लिए खोजी अनुसंधान को बल दे। विनाशकारी परियोजनाओं का पर्दाफाश करने और उनका विरोध करने के अभियानों को स्वतंत्र और निडर बनाये। इस दिवस के माध्यम से एक ऐसी दृष्टि विकसित करना जो नदियों और उन पर निर्भर समुदायों की रक्षा करे। अगर इस ग्रह पर कोई जादू है तो वह पानी में है। यह हमें अपनी अर्थव्यवस्था के एक हिस्से के रूप में व्यापार और वाणिज्य के लिए सस्ता और कुशल अंतर्देशीय परिवहन भी प्रदान करता है। यह पृथ्वी पर सबसे विविध और लुप्तप्राय वन्यजीवों में से कुछ का घर भी है। भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है लेकिन दुर्भाग्य से प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। हमें अपनी नदियों को 2047 तक निर्मल व अविरल बनाने के संकल्पित लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना होगा। भारत की नदियों की दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत एवं बढ़ते प्रदूषण पर पिछले चार दशकों से लगभग हर सरकार कोरी राजनीति कर रही है, प्रदूषणमुक्त नदियों का कोई ईमानदार प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। नदियां हमारे जीवन की जीवन रेखा है, गति है, ताकत है। ये पानी, बिजली, परिवहन, मछली और मनोरंजन के लिए स्रोत हैं। नदियां पर्यावरण के लिए भी बहुत फ़ायदेमंद हैं। नदियों के किनारे बसे शहरों की वजह से ये आर्थिक रूप से भी अहम हैं, इनसे ताज़ा पीने का पानी मिलता है, बिजली बनती है, खेती के लिए ज़रूरी उपजाऊ मिट्टी मिलती है। नदियों से जल परिवहन होता है। घरेलू और औद्योगिक गंदा पानी बहकर जाता है, जलवायु नियंत्रण में मदद करती हैं। नदियां प्राकृतिक संपदा हैं। नदियां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रमुख स्रोत हैं, जिनके किनारे कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। नदियों के किनारे ही कई प्रमुख शहर, शैक्षिक और पर्यटन से जुड़े शहर बसे हैं। नदियों की साफ-सफाई के नाम पर कई हजार करोड़ रुपए बहा दिए गए हैं, लेकिन लगता है सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। आधुनिक शोधों से भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्‌भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। गंगा ने अपनी विभिन्न धाराओं से, विभिन्न स्रोतों से भारतीय सभ्यता को समृद्ध किया, गंगा विश्व में भारत की पहचान है। वह मां है, देवी है, प्रेरणा है, शक्ति है, महाशक्ति है, परम शक्ति है, सर्वव्यापी है, उत्सवों की वाहक है। एक महान तीर्थ है। पुराण कहते हैं कि पृथ्वी, स्वर्ग, आकाश के सभी तीन करोड़ तीर्थ गंगा में उपस्थित रहते हैं। गंगाजल का स्पर्श इन तीन करोड़ तीर्थों का पुण्य उपलब्ध कराता है। गंगा का जल समस्त मानसिक एवं तामसिक दोषों को दूर करता है। यह जल परम पवित्र एवं स्वास्थ्यवर्धक है, जिसमें रोगवाहक कीटाणुओं को भक्षण करने की क्षमता है। गंगा का दर्शन मात्र ही समस्त पापों का विनाश करना है। 140 सालों में आने वाला महाकुंभ हाल ही में प्रयासराज में संगम पर 66 करोड़ लोगों का साक्षी बना, जिस गंगा का इतना महत्व है, उपयोगिता है तो फिर क्यों उसके प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता बरती जाती रही है? – **ललित गर्ग**

# भारत और मॉरीशस-प्रगाढ़ होते सम्बन्ध

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मॉरीशस की यात्रा संपन्न हो चुकी है जो कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रही है, इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस यात्रा का महत्व इस बात से ही समझा जा सकता है पोर्ट लुई एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए वहां का उच्च नेतृत्व अपने दलबल के साथ उपस्थित रहा। प्रधानमंत्री के मॉरीशस एयरपोर्ट पहुंचने पर भारतीय समुदाय की महिलाओं ने ़गीत गवई़ नामक पारपंरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका स्वागत किया गया। भारत और मॉरीशस के मध्य सम्बंध वैसे तो लम्बे समय से हैं किंतु 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार आने के बाद से ये संबंध निरंतर प्रगाढ़ हो रहे हैं। भारत और मारीशस के मध्य सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक संबंध सदा रहे हैं जिनमें अब आर्थिक, सामरिक व रणनीतिक पक्ष भी जुड़ गए हैं। भारत और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी मॉरिशस के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देते है इसका पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी 2015 में भी मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए थे। भारत की वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2024 में मारीशस के राष्ट्रीय दिवस की मुख्यअतिथि बनीं। 2014, 2019 और 2024 में मारीशस के प्रतिनिधि नरेन्द्र मोदी जी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए थे। नई दिल्ली में आयोजित जी -20 शिखर सम्मेलन में मॉरीशस एक ़विशेष आमंत्रित सदस्य़ था। इस अवसर पर मॉरीशस ने भारत व अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का शुभारंभ किया था। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान ़द ग्रैंड कमांडर आफ द आडर आफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशऩ से सम्मानित किया। मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरती की सेवा की और मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए।भारत और मॉरीशस के संबंध कितने पुराने और प्रगाढ़ है इस बात का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि 12 मार्च का दिन वही दिन है जब महात्मा गांधी ने गुलामी के खिलाफ दांडी सत्याग्रह प्रारम्भ किया था।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में याद दिलाया कि जब अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तब मॉरीशस में भी आस्था और भावना का प्रबल ज्वार दिखाई पड़ रहा था। मॉरीशस सरकार ने उस दिन आधे दिन का अवकाश घोषित किया था जिससे लोग प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सीधा देख सकें । अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष घोषित मखाना बोर्ड का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी विदेश यात्रा पर जाते है तो वहां निवास करने वाले भारतीय मूल के समुदाय को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक ,सामाजिक व आत्मीय संबंधो को और मजबूत करने का प्रयास करते हैं जिसका व्यापक प्रभाव दोनों देशों के संबंधों पर भी पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यहां की मिट्टी में, हवा में, पानी में अपनेपन का एहसास है। उन्होंने वहां उपस्थित समुदाय को भोजपुरी भाषा में भी संबोधित किया क्योंकि मॉरीशस में भारी संख्या में भोजपुरी बोलने वाले बिहारी लोग निवास करते हैं। प्रधानमंत्री के संबोधन के बीच उपस्थित जनसमुदाय भी मोदी- मोदी के नारे लगा रहा था। रणनीतिक, कूटनीतिक और सामरिक दृष्टिकोण से मॉरीशस के साथ मजबूत रिश्ते भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह एक ऐसा पुल है जो भारत को ग्लोबल साउथ से जोड़ता है। भारत और मॉरीशस के रिश्तों के मध्य हिंद महसागर में आपसी साझेदारी बढ़ाना मुख्य उददेश्य है।यह भारतीय सुरक्षा रणनीति का ही हिस्सा रहा है कि चागोस द्वीप पर मारीशस का समर्थन किया है क्योंकि यह विउपनिवेशकरण का हिस्सा है जो भारत की विदेश नीति का अहम् पक्ष है। चागोस द्वीप को लेकर ब्रिटेन और मॉरीशस के बीच 50 वर्षों से विवाद चल रहा था और 5 माह पूर्व भारत के सहयोग से ही समझौता हुआ है।

## सेहत मंत्र

# पाचन से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बेस्ट है हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन

हल्दी, जिसे गोल्डन मसाले के रूप में भी जाना जाता है और जो आपके खाने को एक अच्छा पीला रंग देती है, कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। यह तो लगभग सभी जानते होंगे कि हल्दी आपकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मदद कर सकती है। लेकिन हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन आपके लिए काफी अच्छा हो सकता है। क्योंकि हल्दी और काली मिर्च दोनों ऐसे घटक हैं, जिनमें प्रमुख सक्रिय तत्व होते हैं, जो इन्हें बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। हल्दी और काली मिर्च दोनो रसोई मे मौजूद ऐसी सामाग्रियां हैं, जो एंटी इंफ्लामेटरी, एंटीऑक्सिडेंट और डिजीज फाइटिंग गुणों से भरपूर हैं। आइए यहां हम आपको बताते है कि क्यों और कैसे यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। हल्दी में सबसे प्रभावी और महत्वपूण तत्व होता है करक्यूमिन, जिसे करक्यूमिनोइड्स भी कहा जाता है। करक्यूमिन एक सक्रिय तत्व है और इसमें एंटी कैंसर गुण भी होता है, जो कैंसर से लड़ने में मददगार है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन पॉलीफ़ेनोल के रूप में सेहत के लिए कई फायदे देता है। यह एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है और इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। काली मिर्च में पाया जाने वाला आपकी कई बीमारियों में मदद करता है। पेपराइन एक बायोएक्टिव कंपाउंड है, जो कैप्साइसिन की तरह एक क्षारीय होता है। पेपराइन काली मिर्च में पाया जाने वाला एक सक्रिय घटक है। पेपराइन पाचन में सुधार, मतली और कई अन्य समस्याओं से राहत देने में मदद के लिए जाना जाता है। क्योकि यह भी हल्दी में मौजूद करक्यूमिन की तरह एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठ सकता है कि जब यह दोनों ही घटक स्वास्थ्य के लिए इतने प्रभावी हैं, तो इनका अलग-अलग इस्तेमाल करना भी तो फायदेमंद हो सकता है। आपका सोचना बिलकुल सही है, हालांकि, हल्दी और काली मिर्च को अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन इनका कॉम्बीनेशन क्यों बेस्ट इसका जवाब डा. स्वाती बथवाल यहां बता रही हैं।

## धर्म मंत्र

# शालिग्राम की पूजा से घर में मां लक्ष्मी का होता है वास

हिंदू धर्म में शालिग्राम की पूजा का विशेष महत्व होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु के विग्रह स्वरूप को शालिग्राम कहा जाता है। यह एक काले रंग के गोल चिकने पत्थर के स्वरूप का होता है। मान्यता के मुताबिक देवी तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह हुआ था। वहीं हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के घर में पूजा स्थान पर शालिग्राम स्थापित होते हैं। कहा जाता है कि जिन लोगों के घर में नियमित तौर पर शालिग्राम की पूजा की जाती है, उस घर पर और परिवार के सदस्यों पर हमेशा भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। बता दें कि शालिग्राम एक प्रकार का जीवाश्म पत्थर है। परमेश्वर के प्रतिनिधि के तौर पर और भगवान विष्णु के आह्वान करने के लिए लिए इसका प्रयोग किया जाता है। मूलरूप से शालिग्राम नेपाल में स्थिति दामोदर कुंड से निकलने वाली गंडकी नदी में काफी पाया जाता है। गंडकी नदी में मिलने के कारण शालिग्राम को गंडकी नंदन भी कहा जाता है। गंडकी नदी में पाए जाने वाले गोल, चिकने और काले रंग के एमोनोइड जीवाश्म को शालिग्राम के रूप में पूजा जाता है। मान्यता के मुताबिक देवी वृंदा के श्राप के कारण भगवान विष्णु को शालिग्राम नाम मिला था। शालिग्राम को सालग्राम के रूप में भी पूजा जाता है। बताया जाता है कि शालिग्राम का संबंध सालग्राम नामक गांव से है। यह गांव नेपाल के गंडकी नदी के पास बसा हुआ है। बता दें कि भगवान शिव के शिवलिंग और शालिग्राम को भगवान के विग्रह का रूप माना जाता है।

## पर्यटन



# रहस्यों से भरा है मध्य प्रदेश का 'असीरगढ़ किला'

मध्य प्रदेश देश की विविधतापूर्ण संस्कृति और धरोहरों को संजोए हुए है। जिसमें से एक है बुरहानपुर जिला, जहां आपको घूमने-फिरने की कई जगहें मिलेंगी। तो आइए चलते हैं ऐसी ही एक जगह असीरगढ़ किले की ओर। इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग के किनारे सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ी पर ऐतिहासिक व अभेद्य असीरगढ़ का किला स्थित है। इसका पहला भाग मलयगढ़, दूसरा भाग कमरगढ़ और सबसे ऊपर असीरगढ़ कहलाता है। रहस्यों से भरा यह किला हर किसी को आकर्षित करता है। कहा जाता है कि 1375 ईस्वी से पहले इस किले पर आशा अहीर नामक व्यक्ति पशुपालन किया करता था। इससे उसके पास इतना धन इकट्ठा हो गया कि आसपास के राजा-महाराजा उससे कर्ज लिया करते थे। जब इस बात की खबर खानदेश के सुल्तान नसीर खान फारुकी को लगी तो उसने छल से किले पर अपना अधिकार जमा लिया। इस तरह किला फारुकी राजाओं के अधीन आ गया। 200 साल तक फारुकी वंश ने यहां से शासन किया। वर्ष 1601 में मुगल सम्राट अकबर ने किले को अपने कब्जे में ले लिया और उसके बाद यहां से शुरू हुआ मुगलों का दक्षिण भारत का विजय अभियान। 1731 तक यह किला मुगलों के पास रहा। उसके बाद इस पर निजाम हैदराबाद का अधिकार हो गया। 1800 ईस्वी तक आते-आते इस किले पर मराठों का वर्चस्व हो गया और 1830 के आसपास इस पर सिंधिया परिवार ने अधिकार कर लिया। 1857 तक आते-आते यह अंग्रेजों के हाथ में चला गया। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अंग्रेजों ने यहां से पूरे मालवा प्रांत, दक्षिण भारत और महाराष्ट्र जैसे राज्यों पर नियंत्रण किया। 1906 में अंग्रेजों ने इसे खाली कर दिया। तब से इस पर किसी का अधिकार नहीं रहा और वहीं से इस किले की बर्बादी की दास्तान शुरू हो गई। आज भी यह भारत के प्रमुख किलों में गिना जाता है। देशभर के अलावा विदेश से भी पर्यटक इसे निहारने और इसके इतिहास व रहस्यों से रूबरू होने आते हैं।

# उत्साह और उमंग से मनाया रंगोत्सव रंग बरसा भीगी चुनरवाली, गले मिले दोनों समुदाय के लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में शुक्रवार को रंगों का पर्व होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रमजान का दूसरा जुमा के मध्य रंगों का त्योहार शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। होली और जुमे (शुक्रवार) की नमाज एक ही दिन होने के मद्देनजर पुलिस सुरक्षा के मध्य रंगों का त्योहार पारंपरिक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

फाल्गुन पूर्णिमा अवसर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स में पूजन कर होलिका दहन

## शनिवार को पुलिस लाइन में उड़ा गुलाल

किया गया एवं उपस्थित पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण को होली की शुभकामनायें दी गयी। जनपद वासियों की सकुशल होली सम्पन्न कराने पश्चात शनिवार को पुलिस कर्मियों ने हर्षोल्लास से रंगोत्सव मनाया।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस







कर्मियों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली खेली।तथा पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**कविता ने ससुराल में खेला होली**

सुप्रसिद्ध कवित्री कविता तिवारी की ससुराल में उपस्थिति से आवास विकास कालोनी गुलजार थी। महिलाओं की टोली में कविता ने जी भर के रंग गुलाल उड़ाया। और होली की बधाई दी। रामनगर कस्बा व ग्रामीण अंचलों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। फिल्मी गानों की धुन पर युवा मस्त मस्त हो रहे थे।मसौली, बांसा, बड़ागांव, रामपुर सहादतगंज अनूपगंज, सैदनपर, सफदरगंज, रसौली, त्रिलोकपर में होली की धूम मचने लगी. हर तरफ गुलाल और रंगों की बौछार होते देखी गई। रंगो का त्यौहार मे दोनो समुदाय के लोगो ने एक दूसरे का फर्ज निभाते हुए जहां मुस्लिम भाइयो ने नमाज का समय बढ़ा दिया वही हिन्दु भाइयो ने नमाज का ख्याल रखते हुए समय से पहले ही रंग खेलना बंद कर दिया। नमाज के बाद दोनो समुदाय के लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी रामनगर शौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, चौकी प्रभारी अभिनंदन पाण्डेय, राहुल शर्मा, शिवकुमार, राकेश यादव, पंचशील सिंह क्षेत्र का भर्मण करते हुए ड्रोन से निगरानी की।सिद्धौर स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर समेत पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक खुशनुमा माहौल में होली पर्व मनाया गया।कुछ स्थानों पर हुरिहार वादकों गायकों और नर्तकों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।इस दौरान बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला।

## फांसी फंदे पर झूली विवाहिता, दहेज हत्या दर्ज

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे फांसी के फंदे से लटका मिला।मायके वालों ने दामाद सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार टिकैत नगर थाना क्षेत्र के हंसौर गांव निवासी सीता पत्नी दिलीप कुमार ने बताया कि अपनी पुत्री सपना 25 वर्ष का विवाह शादी चार साल पूर्व जबदी गांव के अर्जुन राजपूत के साथ किया था।आरोप है कि तीन माह पहले पुत्री पैदा होने पर उत्पीड़न और अधिक शुरू कर दिया। गुरुवार देर शाम उसको दामाद अर्जुन,देवर श्याम,पुष्पा,ससुर मोल्हे आदि पांच लोगों ने दहेज के लिए उसकी बेटी की हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मृतका की माँ की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है?।

## होली की खुशियां मातम में बदली

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम तेजाइक पुरवा निवासी ऋषभ उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रमेश वर्मा व रवि उम्र करीब 14 वर्ष पुत्र अजय वर्मा की होली खेलने के बाद लोडेमऊ घाट पर सरयू नदी में नहाने गए जहां पर शुक्रवार को करीब एक बजे डूब कर हुई मौत परिवार में छाया मातम डूबने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना मिलते ही मौके पर सीओ रामसनेहीघाट, उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर प्रीति सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडे पुलिस फोर्स सहित मौके पर पहुंच कर शव को निकलवाया इसके बाद दोनों बच्चों को सीएचसी टिकैतनगर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

## होली पर प्रधान ने बांटी मिठाई

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम प्रधान सरोजनी देवी प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने होली पर्व के अवसर पर ग्राम वासियों के घर घर जाकर होली की शुभकामनाएं छपे थैले में चीनी ,मैदा,खोया,व मिष्ठान का वितरण किया।ग्राम वासियों को होली की शुभकामनाएं दी तो वही क्षेत्रीय पत्रकारों को ग्राम प्रधान ने सम्मानित कर पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दी। ग्राम प्रधान के सहयोगी कुलदीप कुमार, रमन वर्मा, सत्यनाम वर्मा,रामजीत आदि को सहयोग करने वालों को भी सम्मानित किया और होली की शुभकामनाएं दी।

## खाना बनाते समय लगी आग, नकदी समान जलकर राख

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जफरपुर मजरे बीबियापुर घाट गांव में बीती श्याम खाना बनाते समय आग लगने से घर में रखी गृहस्थी और नगदी जलकर राख जफरपुर मुजरा बीबियापुर घाट निवासी राज विश्वकर्मा पुत्र दयाराम विश्वकर्मा गांव के बाहर झोपड़ी नमा मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रहता था बीती शाम पत्नी खाना बना रही थी तभी अचानक आग लग गई जब तक कुछ समझ पाते तब तक झोपड़ी में लगी आग में विकराल रूप धारण कर लिया आज तिलक पर देख ग्रामीणो जब तक मौके पर पहुंच कर आग बुझाते तब तक घर में रखा राशन कपड़ा और ?1500 की नगदी जलकर राख हो गई प्रधान प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने बताया राज विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ गांव के बाहर झोपड़ी में रहता था इसका नाम पीएम आवास की सूची में डाला गया है

## शराब की दुकान पर महिलाओं ने की तोड़फोड़

झांसी। पुलिस लाइन में जब शनिवार को पुलिकर्मी व अधिकारी होली खेल रहे थे, उसी समय शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दतिया गेट के पास खुली साहू वाइन शॉप पर में महिलाओं ने तोड़फोड़ कर दी। महिलाओं ने यह कदम घनी आबादी में घनी आबादी में खुलने से नाराज थी। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी गई तब उन्होंने यह किया। दतिया गेट के पास रहने वाली महिला शोभा व अनिता सहित दर्जनों महिलाओं ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जब से शराब की दुकान यहां खुली है परिवार का जीना दूभर हो गया है। आये दिन शराबी नशे में धुत होकर घरों के दरवाजों पर पड़े रहते हैं। देर रात तक शराब पिलाने का इस दुकान में काम चलता है। शराबी गंदी गंदी गालियां देते हैं। उनके घरों में ताक झांक करते हैं। कई बार जिला प्रशासन को सूचित किया गया। लेकिन शराब की दुकान नहीं हटाई गई। आज उन्होंने खुद कानून को हाथ में लेकर यह कार्य किया है।

## मन्दिर परिसर में वर्षाजल संचयन के 36 केंद्र बनेंगे : चम्पत राय

अयोध्या। पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं कोच वीवीएस लक्ष्मण ने अपने माता-पिता तथा भाई राम के साथ शनिवार को राम जन्मभूमि में श्रीराम लला का दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर कारसेवकपुरम पहुंचकर उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय से भी भेंट की। महामंत्री चंपत राय ने क्रिकेटर के साथ मन्दिर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि सत्तर एकड़ के मन्दिर परिसर में वर्षाजल संचयन के लिए 36 स्थान तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा पानी की और सीवरेज की मन्दिर की अपनी व्यवस्था है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण अपनी मां के 78वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में परिवार के साथ दर्शन को आए थे। वे मन्दिर परिसर में सेवा देने वाले श्री सत्य साईं संजीवनी चाइल्ड हर्ट केयर सेंटर बंगलुरु के ट्रस्ट से जुड़े हैं। उन्होंने अस्पताल द्वारा यहां दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन भी किया। ट्रस्ट के महामंत्री से उन्होंने श्रीराम लला को वस्त्र भेंट करने की अभिलाषा व्यक्त की तो उन्हें परिधान तैयार करने वाले से सम्पर्क करा दिया गया। संजीवनी से जुड़े अनिरुद्ध ने बताया कि क्रिकेटर का हनुमानगढ़ी और सरयू दर्शन का भी कार्यक्रम है।

# डीएम एसपी ने सुना जनसमस्याएं पांच शिकायते निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोक सभागार तहसील फतेहपुर में जनता की समस्याएं सुनी। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद रहें। रामनगर से रामकुमार शुक्ला ने बताया कि उपजिलाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 11 पुलिस विभाग 2 विकास विभाग 2 खाद्य एवं रशद विभाग 3 विद्युत विभाग 2 स्वास्थ्य विभाग 1 लोक निर्माण विभाग एक इस प्रकार कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुयें।जिनमे से राजस्व की 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# कोठी थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर मारपीट में 35 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव में होली त्यौहार पर मामूली विवादों में जमकर चली लाठियां जिसमे करीब 35 लोग जख्मी कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुसलौना गांव में होली त्यौहार पर मामूली बात को लेकर जमकर लाठी चली जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचा जिसमें अवधेश कुमार और मनी का इलाज किया गया और दयाराम की हालत नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया सराय . मन्दू गांव में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुआ जिसमें राजेश कुमार गुलाब सिंह हीरा सिंह पूनम सिंह और गुलाब सिंह को जिला अस्पताल रेफर किया गया। तुलसी पुरवा गांव में भी होली में डीजे बजाने को लेकर जमकर मारपीट हुआ जिसमें नीरज सुमित शिल्पी वीरेंद्र प्रसाद जख्मी हो गए तो वहीं इसराइली सारी गांव में में भी होली त्यौहार पर डीजे को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें लल्लू गीता राजमल पटेल राहुल कुमार वेद कुमार सर्जन आदि जख्मी हो गए गीता की हालात कफी गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा सरस गांव में भी जमकर मारपीट हुआ जिसमें ज्योति सिंह और कंाति सिंह जख्मी हो गई मल्लही पुरवा गांव में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें अजय कुमार मुनेश्वर ननकू काजल श्रीमती घायल श्रीमती को जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा देवकली अजैवा व पूरे कुबेर गांव में भी मारपीट हुई जिसमें कई लोग जख्मी हो गए पुलिस ने सभी मामलों में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी भेजकर कार्यवाही की है थाना प्रभारी संतोष सिंह का कहना है शिकायत मिलने पर सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है और कार्यवाही की गई।

# साइबर क्राइम: क्रिप्टो करेंसी एप डाउनलोड करा महिला से 94 हजार ट्रांसफर कराए, केस दर्ज

एजेंसी

मुरादाबाद। साइबर ठगों ने एक महिला को तीन दिन में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 94 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने क्रिप्टो करेंसी एप डाउनलोड कराकर साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया। सिविल लाइन सर्किल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर शनिवार को केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी निशांत अंजुम ने दो दिन पहले थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि देविका सक्सेना, सुभाष ने फोन के जरिए उसे झांसा दिया कि शेयर बाजार में निवेश करने पर तीन दिन में रकम दोगुनी हो जाएगी। आरोपितों ने प्ले स्टोर से क्रिप्टो करेंसी एप डाउनलोड करा लिया। आरोपितों ने अलग अलग तारीख में 94 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद ठग ने उन्हें बताया कि उन्हें तीन लाख रुपये मिलेंगे। इसके लिए उन्हें पहले एक लाख 68 हजार रुपये जमा करने होंगे। इसके बाद सुनीता, देविका सक्सेना, सुभाष गिरी, राजपूत सूरज लोधी, मोहम्मद इरशाद ने भी उन्हें फोन के जरिए रकम जमा करने के लिए कहा। इसके बाद पीड़िता समझ गई वह आरोपित उसके साथ साइबर ठगी कर रहे हैं। इसके बाद उसने आरोपितों के बताए खाते में रकम ट्रांसफर नहीं की।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र के बिनगवां में शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित टाटा सफारी कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए सामने से आ रही ऑटो में जा घुसी। ऑटो सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान तीन की मौत हो गयी। जबकि एक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कानपुर-सागर हाइवे पर नौबस्ता से घाटमपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित टाटा सफारी ने दो मोटरसाइकिल समेत एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में नौबस्ता के हंसपुरम निवासी विनय सिंह, गल्लामंडी निवासी सौरभ अवस्थी (32), बिधनू थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी रंजीत सिंह (40) हैं। जबकि जामू गांव के ही रहने वाले अंकित सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। सेन पश्चिमपारा थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान तीन की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को रास्ते से हटवाकर यातायात बहाल करवा दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नहर में नहाते समय 5 किशोर डूबे, 4 को निकाला, एक की तलाश

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को नहर में नहाते समय 5 किशोर डूब गए। जिनमें से 4 को सकुशल निकाल लिया है, जबकि एक डूब गया। जिसकी पुलिस पीएसी गोताखोरों की मदद से तलाश कर रही है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना मक्खनपुर के गांव नगला तुरकिया निवासी सचिन, आकाश, नितिन, रोहन पुत्र दयानंद, नितेश उर्फ बंकू शनिवार को शिकोहाबाद के छीछामई नहर भूड़ा में नहाने के लिए आए थे। सभी किशोर पहले छीछामई स्थित बंबा में नहा रहे थे। उसके बाद वह नहर में नहाने लगे। नहर में पानी का तेज बहाव होने के चलते सभी बहने लगे। जिस पर किशोरों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर 4 किशोरों को निकाल लिया लेकिन एक किशोर बैंकू उर्फ नितेश पुत्र प्रमोद पानी में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कौहराम मच गया। वह मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने डूबे हुए किशोर की तलाश नहर में शुरू कर दी है। इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया का कहना है कि पुलिस को 5 किशोरों के नहर में डूबने की सूचना मिली थी।

# महिलाओं के विवाद में मोहब्बत की मौत, हिंदुओं ने नहीं मनाई होली

एजेंसी



बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र के ग्राम जोलिया बनारस मे शुक्रवार को दो पक्षों मे हुई मारपीट मे एक युवक के बेलचा लग जाने से गंभीर रूप घायल हुए युवक की ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी । बताते चले कि शुक्रवार को होली पर्व को लेकर जहा लोग होली खेलने मे मस्त थे वही मुनववर अली पुत्र बचान व पड़ोसी मोहब्बत अली पुत्र सफी के घर की औरतों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद होने लगा जुम्मे की नमाज पढ़कर घर वापस आये मोहब्बत अली ने समझाने की कोशिश की तभी मुनववर अली एव उसके पुत्र निसार, इसरार आग बगुला होकर मोहब्बत अली पर हमलाकर दिया तथा मुनववर अली जो अपने घर की सलेफ खोल रहे थे मोहब्बत अली पर बेलचे से हमला कर दिया। घायल मोहब्बत अली को आनन फानन मे सीएचसी देवा ले गये। वहां से जिला अस्पताल फिर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया। जिसकी शनिवार की रात्रि मे मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कराने के बाद शनिवार की देर शाम पुलिस की मौजूदगी मे सुपर्दे खाक किया गया।

**( हिन्दुओ ने नही मनाई होली )**

होली पर्व के त्यौहार मे जूटे हिन्दु भाई मोहब्बत अली के साथ हुई घटना की जानकारी पाते ही सभी लोग शोकाकुल हो गये जानकारी के अनुसार जोलिया गांव मे हिन्दु भाई इतने गमगीन हो गये होली पर्व नही मनाया दाह् संस्कार मे शामिल हिन्दु भाइयो ने बताया जिस तरह मोहब्बत अली नाम था इसी प्रकार का उसका विचार था जो सबसे मोहब्बत करता था। घटना के बाद से हमलावर घर बंद कर फरार हो गये है।

# महिला क्रिकेट विश्वकप क्वालीफायर नौ अप्रैल से पाकिस्तान में

एजेंसी

दुबई। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 में अंतिम दो स्थानों के लिए छह टीमों के बीच नौ से 19 अप्रैल तक क्वालीफायर टूर्नामेंट पाकिस्तान में खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट के सभी 15 मैच पाकिस्तान में लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और लाहौर सिटी क्रिकेट एसोसिएशन (एलसीसीए) स्टेडियम में नौ से 19 अप्रैल खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट की शीर्ष दो टीमें भारत में अक्टूबर और नवंबर में होने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप में खेलेंगी। क्वालीफायर के छठे संस्करण में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें चार पूर्ण सदस्य - पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बंगलादेश और आयरलैंड शामिल हैं। स्कॉटलैंड और थाईलैंड टूर्नामेंट की अन्य दो टीमें हैं।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ़्रीका, श्रीलंका और मेज़बान भारत 10 टीमों वाली आईसीसी महिला चैंपियनशिप (2023-25) में शीर्ष छह में रहने के कारण पहले ही विश्वकप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

क्वालीफायर का पहला मुकाबला नौ अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच होगा। वहीं वेस्टइंडीज का मुक़ाबला एलसीसीए में स्कॉटलैंड से होगा।अगले दिन बंगलादेश और थाईलैंड एलसीसीए में एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, छ्ये छह टीमें महिला क्रिकेट विश्व कप से बस एक कदम दूर हैं और मुझे यकीन है कि वे प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार होंगी। आईसीसी की ओर से, मैं सभी भाग लेने वाली टीमों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि भारत में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तौर पर लाहौर में कुछ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने को मिले।ङ्क

नौ अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम (दिन) वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड - एलसीसीए,

10 अप्रैल को थाईलैंड बनाम बंगलादेश - एलसीसीए (दिन)

11 अप्रैल पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड - एलसीसीए (दिन),आयरलैंड बनाम वेस्टइंडीज - गद्दाफी स्टेडियम (दिन)

13 अप्रैल स्कॉटलैंड बनाम थाईलैंड - एलसीसीए (दिन), बंगलादेश बनाम आयरलैंड - गद्दाफी स्टेडियम (दिनरात्रि)

14 अप्रैल पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज - गद्दाफी स्टेडियम (दिनरात्रि)

15 अप्रैल थाईलैंड बनाम आयरलैंड - एलसीसीए (दिन), स्कॉटलैंड बनाम बंगलादेश - गद्दाफी स्टेडियम (दिनरात्रि)

17 अप्रैल बंगलादेश बनाम वेस्टइंडीज - एलसीसीए (दिन), पाकिस्तान बनाम थाईलैंड - गद्दाफी स्टेडियम (दिन रात्रि)

18 अप्रैल आयरलैंड बनाम स्कॉटलैंड - गद्दाफी स्टेडियम (दिनरात्रि)

19 अप्रैल पाकिस्तान बनाम बंगलादेश - एलसीसीए (दिन), वेस्टइंडीज बनाम थाईलैंड - गद्दाफी स्टेडियम (दिनरात्रि)।

# ऋषभ पंत व रवि बिश्नोई ने जम कर खेली होली






एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने होली का त्योहार इस बार खास देसी अंदाज में मनाया। न केवल एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाया, बल्कि फिल्मी गानों पर डांस करके जमकर मस्ती की। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर व सहायक कोच लांस क्लूजनर तो इन गानों पर देर तक थिरकते रहे। कप्तान ऋषभ पंत, स्पिनर रवि बिश्नोई ने साथियों को पकड़ पकड़ कर रंगों में सराबोर कर दिया। मेंटर जहीर खान और सहायक कोच विजय दहिया ने भी पिचकारी से रंगों की बौछार की और खूब गुलाल उड़ाया। टीम होटल में होली खेलने की शुरुआत दोपहर 12 बजे हुई। क्रिकेटरों के उल्लास को बढ़ाने के लिए डीजे और ढोल नगाड़ों का इंतजाम पहले ही कर लिया गया था। खिलाड़ियों ने पहले सादगी से एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं, लेकिन जैसे ही टीम के कप्तान ऋषभ पंत और रवि बिश्नोई आए तो उन्होंने होली की मस्ती को चौगुना कर दिया। टीम के सभी साथियों को पकड़कर जमकर रंग व गुलाल लगाया। आयुष बडोनी, अर्शीन कुलकर्णी, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, दिग्वेश सिंह, युवराज चौधरी समेत सभी खिलाड़ी रंग में डूबे नजर आए। खुशी के इस अवसर पर टीम के भीतर मजबूत बंधन और आगामी सीजन के लिए उच्च उत्साह का संचार हुआ। यही नहीं होली खेलने के साथ ही सुपर जायंट्स ने लजीज पकवानों के साथ गुजिया, जलेबी का भी स्वाद लिया। टीम के सीओओ विनय चोपड़ा ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

## फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद नीतीश सनराइजर्स की टीम में शामिल होने के लिए तैयार

बेंगलुरु। भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी साइड स्ट्रेन की समस्या से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नीतीश चोटिल होने के कारण जनवरी के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। नीतीश ने यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। आंध्र के इस 21 वर्षीय क्रिकेटर ने अपना आखिरी मैच भारत की तरफ से 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के रूप में खेला था, लेकिन उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी।

# एनसीए से फिट घोषित होने पर ही आईपीएल में खेल सकेंगे बुमराह

एजेंसी

मुम्बई। अपनी चोट से अभी पूरी तरह नहीं उबर पाये भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के चिकित्सा दल द्वारा फिट घोषित किये जाने पर मुंबई इंडियंस के लिए खेल सकेंगे। ऐसी जानकारी मिली है कि अप्रैल में शुरुआत में बुमराह मुंबई इंडियंस की टीम के साथ जुड़ेंगे। बुमराह एमआई के साथ तभी जुड़ सकेंगे जब एनसीए का चिकित्सा दल उन्हें फिट करार देगा। बुमराह अपने पीठ के निचले हिस्से में खिचाव संबंधी चोट से उबर रहे हैं। उन्हें चार जनवरी को सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन यह चोट लगी थी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि बुमराह को बीसीसीआई मेडिकल टीम द्वारा कम से कम पांच हफ्ते (एससीजी टेस्ट से) आराम करने की सलाह दी है आईपीएल 2025 में एमआई 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। उसके बाद वे 29 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) से खेलेंगे।

एमआई का पहला घरेलू मैच दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ होगा। इसके बाद वे अप्रैल के पहले हफ्ते में दो मैच खेलेंगे जिसमें 4 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ लखनऊ में और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घर में।

# दिल्ली कैपिटल्स ने बनाया अक्षर पटेल को टीम का कप्तान

एजेंसी



नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू-जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सत्र से पहले स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। 31 वर्षीय अक्षर पटेल वर्ष 2019 में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए और तब से छह सत्र में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने कैपिटल्स के लिए 82 मैचों में 967 रन बनाए हैं और 7.09 की शानदार इकॉनमी से 62 विकेट लिए हैं। आज यहां इस अवसर पर टीम के नए कप्तान के रूप में अक्षर का स्वागत करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने कहा, छ्हमें अक्षर को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त करते हुए बेहद खुशी हो रही है। वह 2019 से कैपिटल्स परिवार का अभिन्न अंग रहे हैं और उन मूल्यों को अपनाते हैं, जिन पर यह टीम बनी है। यह निर्णय एक कप्तान के रूप में उनके लिए स्वाभाविक प्रगति को दर्शाता है - दो सत्रों तक हमारे उप-कप्तान रहने से लेकर अब टीम का नेतृत्व करने तक, उन्होंने हमेशा हमारे लिए हर मौके पर अपना योगदान दिया है। अक्षर को हमारे कोचिंग स्टाफ और अनुभवी नेतृत्व समूह का पूरा समर्थन प्राप्त है और मैं उन्हें इस नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, छ्मैंने दिल्ली कैपिटल्स में एक क्रिकेटर और एक कप्तान के रूप में अक्षर की प्रगति को पहली बार देखा है। अक्षर पटेल ने कप्तान नियुक्त किए जाने पर कहा, दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मैं अपने मालिकों और सहयोगी स्टाफ का मुझ पर भरोसा जताने के लिए बहुत आभारी हूं। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत 24 मार्च लखनऊ के खिलाफ विशाखापत्तनम में करेगी।

## चोटिल नेमार अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

रियो डी जनेरियो। ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार चोटिल होने के कारण इस महीने कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ द्वारा जारी किए गए एक वीडियो में कोच डोरिवल जूनियर ने कहा कि नेमार, गोलकीपर एडर्सन और डिफेंडर डैनिलो विभिन्न कारणों से खेलने के लिए फिट नहीं हैं। जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस से फिर से जुड़ने वाले 33 वर्षीय नेमार ने अपना पिछला मैच दो मार्च को खेला था लेकिन बायीं जांघ में दर्द के कारण उन्हें आधे मैच से हटना पड़ा था। नेमार की जगह रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एंड्रिक को ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राजील 20 मार्च को कोलंबिया की मेजबानी करेगा और इसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में तालिका में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना का सामना करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लुई हैमिल्टन क्वालीफाइंग में आठवें स्थान पर रहे, नॉरिस ने पोल पोजीशन हासिल की

**मेलबर्न।** लुई हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन में फ़ेरारी की तरफ से पदार्पण करते हुए शनिवार को यहां वर्ष की पहली रेस ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वालीफाइंग में आठवां स्थान हासिल किया जबकि मैकलेरन के लैंडो नॉरिस पोल पोजीशन हासिल करने में सफल रहे। फॉर्मूला वन की रविवार की शुरुआती रेस से पहले क्वालीफाइंग सत्र समाप्त होने के तुरंत बाद नॉरिस ने अपने टीम रेडियो पर कहा, ''साल की शुरुआत करने का यह कोई बुरा तरीका नहीं है, सभी को धन्यवाद। नॉरिस की टीम के साथी और मेलबर्न में जन्मे ऑस्कर पियास्त्री दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व चैंपियन रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### घुटने की सर्जरी के कारण मार्क वुड चार महीने तक क्रिकेट से रहेंगे दूर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की सर्जरी के कारण चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। पिछले महीने के आखिर में लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण अफगानिस्तान के साथ हुये मैच में वुड को घुटने में चोट के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था स्कैन के बाद बुधवार को लंदन में उनकी सर्जरी हुई। वुड के ठीक होने में लगने वाले समय को देखते हुए यह माना जा रहा है कि वह 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में खेल पाएं। यदि वह समय पर ठीक हो जायेंगे तो वह 31 जुलाई से शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट (किआ ओवल) के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भरोसा है कि वुड इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो जाएंगे। वुड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, इंग्लैंड के लिए बीते वर्ष सभी प्रारूप में खेलने के बाद इतने लंबे समय तक बाहर रहने से मैं बेहद निराश हूं। लेकिन मुझे भरोसा है कि अब जब मेरा घुटना सही हो जाएगा तो मैं पूरी तरह से फिट होकर वापसी करूंगा।

### राजकोट मेट्रो रेल, सात अन्य अवसंरचना परियोजनाओं का पीएम गतिशक्ति के तहत निर्धारण

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुसार सरकार ने देश में अवसंरचना क्षेत्र की आठ और परियोजनाओं का मूल्यांकन किया जिसमें राजकोट में मेट्रो रेल शुरू करने की परियोजना और तीन रेलवे तथा तथा चार राजमार्ग परियोजनाएं शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्याग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री गतिशक्ति के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में नेटवर्क नियोजन समूह की 89वीं बैठक में सड़क, रेल और मेट्रो रेल की आठ परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। पीएम गतिशक्ति में किसी परियोजनाओं का निर्धारण सभी संबंधित विभागों और सभी आवश्यक सूचनाओं के साथ किया जाता है ताकि क्रियान्वयन शीघ्रता से हो। नेटवर्क नियोजन समूह की इस बैठक में जिन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी है उनमें शहरी विकास मंत्रालय की गुजरात के राजकोट में पहली मेट्रो रेल प्रणाली के निर्माण के अलावा राजमार्ग मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 के मेघालय में दारुगिरि से दालू तक के 136.11 किलो मीटर के खंड को दोनों ओर खड़ंजे के साथ दो लेन का बनाने, असम में गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर चार लेन के दोहरे सुरंग मार्ग का निर्माण और कलियाबोर-नुमालीगढ़ सेक्शन के मौजूदा कैरिजवे को चार लेन तक चौड़ा और बेहतर बनाने तथा राजस्थान में जैसलमेर बाईपास लिंक रोड के साथ मेजिलार से जैसलमेर तक मार्ग को दो लेन का बनाने की परियोजना शामिल है। इसी गतिशक्ति सिद्धांत के तहत रेलवे की जिन परियोनाओं की समीक्षा की गयी है उनमें महाराष्ट्र में बदलापुर-कर्जत रेल खंड पर तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण की 32.460 किलोमीटर लंबी परियोजना, ओडिशा में नेरगुंडी से कटक तक 15.99 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण के साथ नेरगुंडी में फ्लाईओवर के निर्माण तथा इसी राज्य में हरिदासपुर से पारादीप तक 74.09 किलोमीटर लंबी दोहरीकरण लाइन के निर्माण की परियोजना शामिल है। राजकोट मेट्रो परियोजना का उद्देश्य गुजरात के राजकोट में भीड़भाड़ को कम करना और परिवहन का एक स्थायी तरीका प्रदान करना है। 41.11 किलोमीटर को कवर करते हुए, यह परियोजना मौजूदा शहरी बुनियादी ढांचे के साथ सहज रूप से एकीकृत होगी और क्षेत्रीय रेल, सिटी बस सेवाओं और ऑटो और साइकिल रिक्शा जैसे मध्यवर्ती सार्वजनिक परिवहन के साथ विभिन्न प्रकार की संपर्क सुविधाओं से जुड़ी होगी।

# देश की सबसे अमीर महिला बनीं रोशनी नाडार, सावित्री जिंदल को पीछे छोड़ा

एजेंसी



हिसार। भारत के सबसे अमीर शख्सियतों की कैटेगरी में रोशनी नाडार मल्होत्रा का नाम भी जुड़ गया है। वह देश की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उन्होंने हिसार से विधायक एवं बिजनेस वुमन सावित्री जिंदल को पीछे छोड़ दिया है। इतनी ही नहीं वह तीसरी सबसे अमीर भारतीय बनी हैं। हिंदुस्तान कंप्यूटर्स लिमिटेड (एचसीएल) ग्रुप के संस्थापक एवं उनके पिता शिव नाडार ने कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा?? को ट्रांसफर कर दी है, जिसके बाद वे देश की सबसे अमीर महिला की सूची में टॉप पर आ गई हैं। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक रोशनी नाडार की संपत्ति 3.13 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वह अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है जबकि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल के पास 2.63 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। सावित्री जिंदल देश की पांचवीं सबसे अमीर शख्सियत हैं और दूसरी सबसे अमीर भारतीय महिला हैं। सावित्री जिंदल हिसार निवासी दिवंगत स्टील किंग ओपी जिंदल की पत्नी हैं और उनके बेटे नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद हैं। छह महीने पहले फॉर्च्यून इंडिया ने सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की थी। इस सूची के अनुसार 74 वर्षीय सावित्री देवी जिंदल करीब 2.77 लाख करोड़ रुपये की मालकिन थीं। अब 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें बताया गया है कि सावित्री जिंदल की संपत्ति 2.63 लाख करोड़ रुपये है। लगभग छह महीने पहले सावित्री जिंदल टॉप 10 भारतीयों में अकेली महिला थीं और चौथे स्थान पर थीं, लेकिन अब वे पांचवें स्थान पर आ गई हैं। अब टॉप 10 में रोशनी नाडार भी आ गई हैं जिन्होंने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। सावित्री जिंदल ने पति की मौत के बाद 2005 में हिसार से उपचुनाव लड़ा और जीतकर राजनीति में एंट्री की। लगातार दो चुनाव जीतकर हरियाणा कैबिनेट में मंत्री बनी थीं। वर्ष 2014 में मोदी लहर में वह हिसार से चुनाव हार गईं। इसके बाद 2019 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। पिछले वर्ष 2024 में वह हिसार से भाजपा की टिकट की दावेदार थीं, मगर उनको टिकट नहीं मिला। सावित्री जिंदल निर्दलीय चुनाव में उतरीं और जीत हासिल की।

# बर्ड फ्लू के कारण यूरोपीय संघ में अंडों की कीमतों में वृद्धि

एजेंसी




मॉस्को। यूरोपीय सांख्यिकी कार्यालय (यूरोस्टेट) के आंकड़ों के अनुसार, यूरोपीय संघ में चिकन अंडे के थोक मूल्य बढ़कर 268.5 यूरो (291 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम (220 पाउंड) हो गए हैं, जो बर्ड फ्लू के प्रसार के बीच अधिकतम है। चिकन और अण्डों के मूल्य में पिछला उछाल मार्च 2023 में देखा गया था, जो यूरोपीय संघ में बर्ड फ्लू की बड़े पैमाने पर महामारी के दौरान 265.7 यूरो प्रति 100 किलोग्राम था। वर्ष 2024 के अंत में, घरेलू पशुओं में बर्ड फ्लू महामारी की स्थिति फिर से खराब हो गई, जबकि 2025 की शुरुआत में यूरोपीय संघ के स्वास्थ्य नियामक ने इस वायरस से मानव संक्रमण के बढ़ते जोखिम की चेतावनी भी दी। नतीजतन पिछले चार हफ्तों से अंडे की कीमतें बढ़ रही हैं, कुल मिलाकर 11.2 प्रतिशत और साल भर में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले हफ़्ते ही कीमतों में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और तीन मार्च को यह 268.5 यूरो पर पहुंच गयी । यूरोपीय संघ में सबसे ज़्यादा कीमतें और सबसे ज़्यादा वृद्धि पोलैंड में दर्ज की गई, जहां 100 किलोग्राम अंडे की कीमत 309.9 यूरो थी, जो एक हफ़्ते पहले 281.1 यूरो थी। नीदरलैंड में कीमतें बढ़कर 293 यूरो (+6.2प्रतिशत) हो गईं, जबकि ऑस्ट्रिया में वे 278.7 यूरो (+2 प्रतिशत) पर पहुंच गईं।

# ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से खुद अमेरिकी बाजार में निराशा भारत पर अधिक असर पड़ने की आशंका नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। इसकी वजह से सबसे अधिक अमेरिकी बाजार ही प्रभावित होता हुआ नजर आ रहा है, जिसके कारण अमेरिकी बाजार के सूचकांक अपने ऑल टाइम हाई से काफी नीचे आ गए हैं। एसएंडपी 500 इंडेक्स अपने रिकॉर्ड हाई से 10 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। इसी तरह नैस्डेक और डाउ जॉन्स भी बड़ी गिरावट का शिकार हुए हैं। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर गहराने के संकेत मिलने लगे हैं, जिसका प्रत्यक्ष असर अमेरिकी बाजार में आई तबाही के रूप में नजर आने लगा है। गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यूरोपीय वाइन, शैंपेन और शराब के दूसरे उत्पादों पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी। इसके साथ उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि स्टील और एल्यूमीनियम पर लागू किए गए टैरिफ को वापस नहीं लिया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने ये भी कहा कि वे 2 अप्रैल से लागू होने वाले रेसिप्रोकल टैक्स के फैसले से भी पीछे नहीं हटेंगे। डोनाल्ड ट्रंप की इस घोषणा के कारण अमेरिकी बाजार में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक में बड़ी गिरावट आ गई। नैस्डेक इंट्रा-डे में 2 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया, वहीं एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण कुछ ही दिन में ग्लोबल मार्केट हाई जोन से करेक्शन जोन में आ गया है। इसकी वजह से अमेरिका में आर्थिक मंदी आने की आशंका भी बन गई है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का




कहना है कि ट्रंप की सरकार बनते वक्त अमेरिकी बाजार के साथ ही दुनिया के ज्यादातर बाजार फुल प्राइस लेवल पर कारोबार कर रहे थे, लेकिन अब ये स्थिति नहीं है। ट्रंप की जीत के बाद से ही उनके बयानों और एक्शन की वजह से चौतरफा का करेक्शन होता हुआ नजर आ रहा है। मार्केट का सेंटीमेंट काफी खराब हो गया है, जिसकी वजह से निवेशकों में घबराहट का माहौल है। राजीव दत्ता के अनुसार अमेरिकन एसोसिएशन आफ इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स के वीकली पोल में लगातार तीसरे सप्ताह मार्केट में बेयरिश सेंटीमेंट 55 प्रतिशत के ऊपर पर रहा है। इसके पहले सिर्फ मार्च 2009 में लगातार 3 सप्ताह तक अमेरिकी बाजार में बेयरिश सेंटिमेंट हावी रहा था। इस टैरिफ वॉर का कुछ असर भारत पर भी पड़ना तय है। हालांकि माना जा रहा है कि भारत पर दूसरे देशों की तुलना में इस टैरिफ वॉर और रेसिप्रोकल टैक्स का कम असर पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात की तुलना में घरेलू खपत पर अधिक निर्भर करती है। इसलिए अगर निर्यात में गिरावट भी आती है, तब भी भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रभावित नहीं होगी। जहां तक निर्यात में गिरावट की बात है, तो धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि भारत को इस मामले में कुछ खास कमोडिटी और कुछ खास सेक्टर में झटका जरूर लग सकता है लेकिन ज्यादातर सेक्टर में भारत सरकार पहले ही टैक्स में कमी कर चुकी है, जिसके कारण रेसिप्रोकल टैक्स का भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही अमेरिका के निर्यात पर असर पड़ने की बात अगर छोड़ दें तो भारत का यूरोपीय और अन्य देशों में निर्यात पहले की तरह होता रहेगा।

# देश के अधिकांश वर्कफोर्स हाईब्रिड वर्क मॉडल को करते हैं पसंद

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक नयी रिपोर्ट से पता चलता है कि कन्वेंशनलिस्ट (94प्रतिशत) और जेन एक्स (78प्रतिशत) के लिए काम का बहुत महत्व है, जबकि मिलेनियल्स (61प्रतिशत) और जेन ज़ी (39प्रतिशत) अपनी नौकरी से परे अपने उद्देश्य को प्राथमिकता देते हैं।

इसमें कहा गया है कि यह पीढ़ीगत बदलाव कार्यस्थल से बदलती अपेक्षाओं को रेखांकित करता है, जिसमें युवा कर्मचारी मायने, लचीलापन और व्यक्तिगत मूल्यों के साथ एकरूपता चाहते हैं। 49 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कार्यस्थल समावेशी हैं। पीढ़ी जितनी पुरानी होती जाती है, समावेश की भावना उतनी ही बेहतर होती जाती है (जेन-एक्सः 66प्रतिशत, कन्वेंशनलिस्टः 58प्रतिशत, मिलेनियलः 45प्रतिशत, और जेन-ज़ीः 27प्रतिशत)। जेन-एक्स (86प्रतिशत) और कन्वेंशनलिस्ट (63प्रतिशत) का मानना है कि पीढ़ियों के बीच टीमवर्क असरकारी है। मिलेनियल (51प्रतिशत) और जेन-ज़ी (39प्रतिशत) इतने आशावादी नहीं हैं

जीआई ग्रुप होल्डिंग की ताज़ा रिपोर्ट, द मल्टीजेनेरेशनल एजः शेपिंग टुमॉरोज़ वर्कप्लेस, बदलती कार्यस्थल संस्कृति के बारे में दिलचस्प जानकारियों का खुलासा करती है, जिसमें बताया गया है कि कैसे विभिन्न पीढ़ियां साझेदारी के तरीकों, नेतृत्व शैलियों और कार्य वरीयताओं को नया रूप दे रही हैं। इस रिपोर्ट के निष्कर्ष कंपनियों के लिए कार्यस्थल रणनीतियों को प्रत्येक पीढ़ी की अलग-अलग ज़रूरतों के अनुसार ढालने की आवश्यकता पर जोर देते हैं - जेन ज़ी की आज़ादी की तलाश से लेकर स्ट्रक्चर के लिए कन्वेंशनलिस्ट की प्राथमिकता तक - क्योंकि कंपनियां तेज़ी से बदलते टैलेंट लैंडस्केप को नेविगेट करती हैं।

रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि 80प्रतिशत जेन ज़ी और 72प्रतिशत मिलेनियल्स हाइब्रिड वर्क मॉडल को पसंद करते हैं, जबकि 61प्रतिशत जेन ज़ी और 53प्रतिशत मिलेनियल्स को अगर विकल्प दिया जाए तो वे पूरी तरह से रिमोट वर्क का विकल्प चुनेंगे। इसके अतिरिक्त, 52प्रतिशत जेन ज़ी कॉम्प्रेस्ड वर्क वीक की ओर आकर्षित होते हैं, जो लंबे घंटों की तुलना में दक्षता को प्राथमिकता देते हैं, और 47प्रतिशत जेन ज़ी और 65प्रतिशत मिलेनियल्स अपने शेड्यूल को मैनेज करने की आजादी चाहते हैं। ये प्राथमिकताएं सख्त ऑफिस स्ट्रक्चर से दूर जाने का संकेत देती हैं, जो संगठनों को शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए नीतियों को अनुकूलित करने के लिए प्रेरित करती हैं। निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि पीढ़ियों के बीच नेतृत्व की भागीदारी में महत्वपूर्ण असमानताएं हैं। जहां 54प्रतिशत जेन एक्स और 50प्रतिशत कन्वेंशनलिस्ट सीनियर लीडरों के साथ सीधे जुड़ने में सहज महसूस करते हैं, वहीं मिलेनियल्स के लिए यह घटकर सिर्फ 27प्रतिशत और जेन ज़ी के लिए 14प्रतिशत रह जाता है। नेतृत्व शैली की प्राथमिकताएं भी अलग-अलग होती हैं, 57प्रतिशत मिलेनियल्स और 45प्रतिशत जेन ज़ी भागीदारीपूर्ण लीडरशिप को तरजीह देते हैं, जबकि 44प्रतिशत कन्वेंशनलिस्ट आम सहमति से निर्णय लेने को तरजीह देते हैं। ये अंतर पीढ़ीगत अंतर को पाटने के लिए अधिक सुलभ लीडरशिप और खुले सम्प्रेषण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि केवल 31प्रतिशत कर्मचारी ही पेशेवर व निजी जीवन की स्पष्ट सीमाएं स्थापित करते हैं, जबकि मिलेनियल्स (47प्रतिशत) इस संतुलन को सबसे बेहतर तरीके से संभालते करते हैं। इसके विपरीत, जेन ज़ी (25प्रतिशत) और जेन एक्स (16प्रतिशत) इस मामले में सबसे अधिक संघर्ष करते हैं, इससे पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को संभालने में पीढ़ीगत अंतर जाहिर होता है। कार्यस्थल की प्राथमिकताओं के मामले में भी पीढ़ीगत प्राथमिकताएं अलग-अलग होती हैं, खास तौर पर मान्यता और पुरस्कार के मामले में। 66प्रतिशत कर्मचारी उन्हें महत्व देते हैं, पुरानी पीढ़ी मान्यता को कड़ी मेहनत की पुष्टि के रूप में देखती है (जेन एक्स के 85प्रतिशत, कन्वेंशनलिस्ट के 77प्रतिशत), जबकि मिलेनियल्स और जेन ज़ी के केवल 52प्रतिशत लोग इसे प्राथमिकता देते हैं, वे स्वाभाविक प्रतिफल और करियर विकास को पसंद करते हैं।

# अमेरिका में 43 देशों पर नया यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने 43 देशों के खिलाफ नए यात्रा प्रतिबंधों पर विचार करना शुरू कर दिया है, जिसमें अफगानिस्तान, ईरान और सीरिया से वीजा आवेदनों की प्रक्रिया को रोकना भी शामिल हो सकता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी कूटनीतिक और सुरक्षा अधिकारियों ने तीन श्रेणियों के लिए विभिन्न यात्रा प्रतिबंधों के साथ लक्षित देशों की सूची तैयार की है।

नयी योजना के तहत, अफगानिस्तान, क्यूबा, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सीरिया, वेनेजुएला और यमन सहित 11 देशों के खिलाफ प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया गया है। इस बीच बेलारूस, इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और पाकिस्तान सहित देशों के नागरिकों के लिए अप्रवासी या पर्यटक वीजा पर प्रवेश से इनकार पर भी विचार किया जा रहा है। इस नयी नीति के तहत अंगोला, बेनिन या कंबोडिया जैसे देशों के यात्री प्रभावित होंगे यदि उनकी सरकार 60 दिनों के भीतर अमेरिकी पक्ष द्वारा कमी बताई गई प्रथाओं में सुधार करने में विफल रहती है।

रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग ने इसके लिए कई सप्ताह पहले सूची तैयार कर ली है। इसमें व्हाइट हाउस में भेजने से पहले इसमें बदलाव किए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प ने 20 जनवरी को कार्यालय में आने के बाद एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें राज्य विभाग को 60 दिनों के भीतर ऐसे देशों की सूची तैयार करने की आवश्यकता होती है जिनके लिए वेटिंग और स्क्रीनिंग की जानकारी इतनी अपर्याप्त है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उनके नागरिकों के प्रवेश पर आंशिक या पूर्ण निलंबन की आवश्यकता हो सकती है।

# अमेरिकी नीतियां, भू-राजनीतिक तनाव 2025 में वैश्विक व्यापार के लिए जोखिम : अंकटाड

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक गतिविधि के चालू वर्ष में धीमी गति बनाए रखने की उम्मीद है, लेकिन अमेरिकी व्यापार नीतियों में बदलाव, वैश्विक व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक चुनौतियों जैसे कारकों के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में काफी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है जिसका व्यापार वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने अपने नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट में यह बात कही है। इसके अलावा उसने कहा है कि व्यापार नीति में वृद्धि की संभावना 2025 के लिए वैश्विक व्यापार दृष्टिकोण पर अनिश्चितता की छाया डालती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक मुद्रास्फीति में अपेक्षित कमी और 2025 के लिए चीन के आर्थिक प्रोत्साहन - लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि लक्ष्य के साथ - वैश्विक व्यापार को कुछ बढ़ावा दे सकते हैं। वैश्विक व्यापार अपडेट ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कार्यान्वयन में बढ़ती प्रवृत्ति का उल्लेख किया है जिसमें व्यापार उपायों को गैर-व्यापार नीति उद्देश्यों से जोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति है।

इसमें कहा गया है कि यह बदलाव विशिष्ट देशों को लक्षित करने वाले व्यापक नए टैरिफ के कार्यान्वयन में स्पष्ट है, साथ ही स्टील और एल्युमीनियम जैसे विशेष उत्पादों को प्रभावित करने वाले अधिक लक्षित टैरिफ भी हैं। इन टैरिफ का वैश्विक और क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एकतरफा और अत्यधिक प्रतिबंधात्मक व्यापार नीतियां तीव्र प्रभाव पैदा कर सकती हैं, और ऐसे उपाय अक्सर प्रभावित व्यापारिक भागीदारों से जवाबी कार्रवाई को प्रेरित करते हैं, जिससे अक्सर व्यापार बाधाओं का एक चक्र बनता है जिसमें अंततः तीसरे पक्ष भी शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 के पहले महीनों में कंटेनर शिपिंग की मांग में उल्लेखनीय कमी आई है, जैसा कि शंघाई कंटेनराइज्ड फ्रेट इंडेक्स में उल्लेखनीय कमी से पता चलता है। इसमें कहा गया है ल्ल एससीएफआई में गिरावट कमजोर व्यापार मात्रा की ओर इशारा करती है, जो वैश्विक आर्थिक गतिविधि में मंदी का संकेत देती है। इसके अतिरिक्त, बाल्टिक ड्राई इंडेक्स, जो कोयला, लौह अयस्क और अनाज जैसी थोक वस्तुओं के लिए शिपिंग दरों को ट्रैक करता है, 2024 की तुलना में अपेक्षाकृत कम स्तर पर बना हुआ है।ल्ल अंकटाड के अनुसार, 2024 में वैश्विक व्यापार में लगभग 1.2 लाख करोड़ डॉलर का विस्तार हुआ और यह 33 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। इससे सेवा व्यापार में 9 प्रतिशत की वृद्धि और माल व्यापार में 2 प्रतिशत की वृद्धि का परिणाम है।

# भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ कर करीब 49 प्रतिशत तक पहुंचा: श्रम सचिव सुनिता डावरा

एजेंसी

नयी दिल्ली/ जेनेवा (स्विट्जरलैंड)। भारत ने विश्व श्रम संगठन (आईएलओ) के मंच पर बताया कि उसने अपनी आबादी में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का स्तर दोगुना करके 48.8 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है और उसकी इस उपलब्धि से वैश्विक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा कवरेज में पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार जेनेवा में आईएलओ की संचालन परिषद की 353वीं बैठक की कार्रवाई में हस्तक्षेप करते हुए श्रम सचिव सुनिता डावरा ने बताया कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), ई-श्रम पोर्टल, पीएम जन आरोग्य और लक्षित सर्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) जैसे प्रमुख संस्थाओं और योजनाओं, संगठनों और योजनाओं की बड़ी भूमिका है और उनके योगदान को मान्यता मिली है।

ईपीएफओ में अंशदन करने वाले सदस्यों की संख्या 7.37 करोड़ है, ईएसआईसी में 14.4 करोड़ लाभार्थी है, ई-श्रम पोर्टल पर 30.6 करोड़ पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के सदस्य है, पीएम जन आरोग्य योजना में 60 करोड़ लोगों का सुरक्षा कवच मिला है और लक्षित पीडीएस से 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त या सस्ते खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की सामाजिक सुरक्षा कवरेज का अधिक सटीक आकलन प्राप्त करने हेतु आईएलओ के सहयोग से राज्य विशिष्ट डेटा पूलिंग अभियान शुरू किया है।

सुश्री डावरा 10 से 20 मार्च तक आयोजित इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने आईएलओ के महानिदेशक एवं वरिष्ठ विशेषज्ञों तथा अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। सुश्री डावरा ने कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर श्रम कल्याण, गुणवत्तापूर्ण रोजगार और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में अग्रणी आवाज के रूप में कार्य करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस बैठक में आईएलओ के त्रिपक्षीय घटकों यानी सरकारों, श्रमिकों और नियोक्ताओं के प्रतिनिधि कामकाज की दुनिया एवं आईएलओ के शासन से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए हैं। सुश्री डावरा के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक स्तर पर श्रम कल्याण, सामाजिक न्याय और गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के साझा एजेंडे को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत की उपलब्धियों, सीखों और दृष्टिकोणों को दर्शाते हुए प्रमुख मुद्दों पर सार्थक हस्तक्षेप किए।

भारत ने इस वर्ष के अंत में कतर के दोहा में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में सामाजिक विकास हेतु द्वितीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के आयोजन के संबंध आईएलओ के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक विकास के लिए 2030 एजेंडा के सामाजिक आयाम को सुदृढ़ करना है। विज्ञप्ति के अनुसार जेनेवा बैठक में भारत ने प्रवासी श्रमिकों के सबसे बड़े मूल देशों में से एक और सबसे अधिक धन प्रेषण प्राप्त करने वाले देश के रूप में सुव्यवस्थित, कौशल-आधारित प्रवास मार्गों को बढ़ावा देने में अधिक वैश्विक सहयोग के प्रति अपना समर्थन दोहराया।

## देश को 'जीएसटी 2.0' की जरूरत: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की अलग-अलग दरों को लेकर शनिवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पॉपकॉर्न के बाद अब 'डोनट' पर जीएसटी का असर हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि देश को अब जीएसटी 2.0 (जीएसटी के नए संस्करण) की जरूरत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि सिंगापुर की डोनट चेन 'मैड ओवर डोनट्स' को कथित तौर पर अपने व्यवसाय को गलत वर्गीकृत करने और 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए 100 करोड़ रुपये के कर नोटिस मिला है। डोनट, आटे से बना मीठा और रिंग के आकार का स्नैक्स होता है। इसे आमतौर पर चॉकलेट, आइसिंग, पाउडर चीनी या फल से सजाया जाता है। डोनट कई देशों में लोकप्रिय है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पॉपकॉर्न के बाद अब डोनट पर भी जीएसटी का असर पड़ रहा है। 'मैड ओवर डोनट्स' को 100 करोड़ रुपये के कर के नोटिस का सामना करना पड़ रहा है। डोनट के लिए मशहूर इस ब्रांड को अपने व्यवसाय का गलत वर्गीकरण करने और डोनट पर पांच प्रतिशत जीएसटी (इसे रेस्टोरेंट सर्विस सेवा बताकर) चुकाने का आरोप है, जबकि बेकरी उत्पादों पर 18 प्रतिशत का कर होता है। उन्होंने कहा कि यह मामला अब बंबई उच्च न्यायालय पहुंच चुका है। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) की हकीकत यही है। उन्होंने कहा, ''इसी वजह से जीएसटी 2.0 की जरूरत और भी ज्यादा हो गई है।

## देश के लिए काम करने वाले मुस्लिमों को कमज़ोर कर रही है कांग्रेस : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार द्वारा बजट में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने की घोषणा को तुष्टीकरण की राजनीति का नया आयाम बताया है और कहा है कि कांग्रेस ऐसे फैसले करके देश के लिए काम करने वाले मुस्लिमों की आवाज़ कमज़ोर करना चाहती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह विषय भले ही कर्नाटक राज्य का है लेकिन इसका प्रभाव राष्ट्रव्यापी है। यह विषय श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी की सोच से जुड़ा है। श्री प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। अभी तक आरक्षण का प्रावधान नौकरी तक हुआ करता था, अब सरकारी ठेकों में भी आरक्षण हो रहा है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की सोच कैसी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस असंवैधानिक और राष्ट्र को कमज़ोर करने वाले फैसले का पुरज़ोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा, ल्लतमाम आशंकाओं के बावजूद कल देश ने शांति से होली मनाई... चाहे उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, मध्य प्रदेश हो, राजस्थान हो... प्रेम और सौहार्द के साथ होली मनी। हिंदू और मुसलमान भाइयों ने एक नए सदभाव का परिचय दिया। लेकिन दूसरी ओर, एक वोटबैंक की राजनीति को नया आयाम दिया जा रहा है, जैसा कि कर्नाटक में हो रहा है। ये चीजें देखने में छोटी लगती हैं, लेकिन छोटी-छोटी चीजें बड़ी बनती हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि शाहबानो, तीन तलाक, राम मंदिर आदि मामलों में ये पार्टियां विरोध करतीं रहीं लेकिन देश बदल गया और भाजपा कहां से कहां पहुंच गयी। इन पार्टियों ने संसदीय चुनावों में मुंहजबानी अभियान चलाया कि भाजपा संविधान बदल देगी लेकिन जनता ने लगातार चुनावों में करारा जवाब दिया है। जनता श्री नरेन्द्र मोदी को कमज़ोर नहीं देखना चाहती है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा इस बात पर जोर देना चाहेगी कि कर्नाटक में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को राहुल गांधी की पूर्ण स्वीकृति है। श्री सिद्धारमैया में खुद इसकी घोषणा करने का साहस और राजनीतिक ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वालों को यह समझना चाहिए कि आरक्षण सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया जाता है। भारतीय संविधान के तहत धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं है। मुस्लिम तुष्टीकरण का नया फैसला देश के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, ल्लपश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमले होते हैं, वहां रोज नई नई बातें होती हैं। मैं कांग्रेस और विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि ये तुष्टिकरण की राजनीति कहां तक जाएगी। भाजपा इसका विरोध करती है और करेगी।ङ्क उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को एक धार्मिक समुदाय के तौर पर चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया था लेकिन उच्च न्यायालय ने उसे खारिज करते हुए कहा कि संविधान में मजहब के आधार पर आरक्षण नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। आरक्षण का आधार मजहब नहीं हो सकता है। आरक्षण केवल सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर ही दिया जा सकता है। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के भाषणों के संकलन से एक भाषण को उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम समाज को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में दो प्रकार की धाराएं हैं। एक, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, अब्दुल हमीद, डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम, रसखान, रहीम की है और दूसरी धारा, मोहम्मद अली जिन्ना वाली है।

# पेज एक का शेष

## सनातन धर्म को ...

सनातन लोगों के बीच कोई बटवारा नहीं है। बंटवारा तो सनातन धर्म को बदनाम करने वालों की बुद्धि में है, ऐसे लोगों की बुद्धि दूषित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने लंबे समय तक गुलामी झेली है। आक्रांताओं ने होली, दीपावली जैसे पर्व-त्योहार और महाकुंभ जैसे आयोजनों को बाधित करने का प्रयास किया लेकिन सनातनियों की अधिक आस्था के चलते वे कभी सफल नहीं हो पाए। योगी शुक्रवार को होली के पावन महापर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी प्रदेशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौराणिक गाथा गाथा के अनुसार भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। और, उसमें भी मनुष्य रूप में, सनातन धर्म में जन्म लेना और भी दुर्लभ। जो लोग सनातन को कोसते थे उन्होंने भी सनातन का सामर्थ्य प्रयागराज महाकुंभ में देखा है। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में स्नान कर पुण्य के भागीदार बने। दुनिया में कहीं भी, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी जाति का, किसी भी भाषा को बोलने वाला सनातनी रहा हो, उसने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर जीवन को धन्य बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को दुनिया विस्मयकारी भाव से, कौतूहल भरी निगाहों के साथ देख रही थी। जबकि सनातन धर्म के लोग इस महाकुंभ के माध्यम से पूरे विश्व को एकता का संदेश देने के लिए जुड़े हुए थे। प्रयागराज में अद्‌भुत मर्यादा और अद्‌भुत अनुशासन देखने को मिला। वहां ऐसी एक भी घटना नहीं हुई जिसके कारण सनातनी लोगों को सिर नीचे करना पड़ता। योगी ने कहा कि जाति और अस्पृश्यता के नाम पर सनातन धर्म को बदनाम करने वालों को प्रयागराज महाकुंभ को जरूर देखना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ में चाहे राष्ट्राध्यक्ष हो या सामान्य नागरिक, बड़े से बड़ा धर्माचार्य हो या गांव का योगी, सबने एक घाट पर, एक भाव से आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि सनातन को बदनाम करने वाले और समाज को बांटने वाले वही लोग हैं जिन्होंने राम मंदिर का विरोध किया। जिन्होंने गो तस्करी में लिप्त लोगों को संरक्षण दिया। जिन्होंने यह मान रखा था कि भारत कभी विकसित नहीं हो सकता है। ऐसे लोगों की मंशा देश और सनातन धर्म के प्रति जगजाहिर है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म का एक ही उद्घोष है। यतो धर्मस्ततः जयः। जहां धर्म है वही विजय होगी। विजय पथ के लिए कठिन साधना और कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है। साधना जितनी कठिन होगी, सिद्धि उतनी बड़ी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है वह तभी पूर्ण होगा जब भारत एक होगा और जब भारत एक होगा तो श्रेष्ठ होगा, तब उसे विकसित होने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी साधना राष्ट्रमाता के चरणों में समर्पित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने होली के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों के के प्रति अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि होली का एक ही संदेश, एकता से ही आगे रहेगा यह देश। उन्होंने कहा कि अगर देश अखंड रहेगा तो एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना अवश्य पूरी होगी। उन्होंने भगवान नृसिंह के अवतार का उल्लेख करते हुए कहा कि यह चेतावनी भी है कि हिरण्यकश्यप जैसे लोगों का घमंड नहीं टिक सकता और एक उदाहरण भी है कि यदि भक्त प्रहलाद के अनुरूप सत्य के मार्ग का अनुसरण किया जाएगा तो ईश्वर की कृपा जरूर बरसेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि ऐतिहासिक महाकुंभ के आयोजन के बाद यह होली अत्यंत विशेष है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में दुनिया ने सनातन धर्म का दर्शन किया और सनातन धर्म की सद्‌भावना देखी। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नृसिंह की विधिविधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, फल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नृसिंह की पूजा करने के बाद सीएम योगी पूरी तरह होली के माहौल में रम गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम और हर हर महादेव के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। योगी ने कहा कि सनातन धर्म को जीवन पद्धति कहा जाता है। इसमें अगर कभी कोई विकृति किन्हीं कारणों से आ गई हो तो उसके परिमार्जन का मार्ग हमारे पर्व-त्योहार स्वयं ही आगे बढ़ा देते हैं। दुनिया देख रही थी जब 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच, 45 दिनों के प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाना दुनिया के लिए कौतुक और आश्चर्य का विषय था। दुनिया के लिए यह चमत्कार सारिका था लेकिन सनातन धर्मावलंबियों के लिए वह सामान्य जीवन पद्धति का हिस्सा था। क्योंकि कुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। यह भारत की ज्ञान की परंपरा और ऋषि परंपरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान करने आए ही इसके साथ ही दुनिया में ऐसा कोई सनातन धर्मावलंबी लंबी नहीं होगा जिसके घर महाकुंभ का गंगाजल न पहुंचा हो। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस की यात्रा पर गए थे और मॉरीशस के राष्ट्राध्यक्ष को उन्होंने गंगाजल भेंट किया। उन्होने खुद द्वारा प्रदेश में होली के आयोजन की जानकारी लेने का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में लोग आनंद के साथ होली का आनंद लेते रहे। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत में मिली पर्व और त्योहारों की परंपरा को हमें संभाल कर रखना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने पर्व और त्योहारों को किसी रूढ़िवाद का या किसी दुष्प्रवृत्ति का शिकार नहीं बनने दें। जब तक ऋषि परंपरा की इस विरासत को इसी आस्था और श्रद्धा भाव के साथ आगे बढ़ाएंगे, तब तक दुनिया की कोई ताकत हमारा बाल बांका नहीं कर सकती। होली मिलन कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए जगद्गुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा सहित कई साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही। होली मिलन कार्यक्रम में आए लोगों ने विभिन्न प्रकार के पकवानों का भी रसास्वादन किया।

## उत्तर प्रदेश में रंगोत्सव...

बुजुर्ग और युवा होली की मस्ती में डूबे रहे। बरेली,शाहजहांपुर,बाराबंकी,अयोध्या,कानपुर और देवरिया समेत समूचे उत्तर प्रदेश में युवा फिल्मी गीतों में थिरकते दिखायी दिये वहीं हमीरपुर,महोबा,बांदा,चित्रकूट और झांसी समेत समूचे बुंदेलखंड में लोकगीतों की धूम मची रही। सोशल मीडिया पर भी होली का खुमार सुबह से चढ़ा रहा। व्हाट्सएप,फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर बधाई संदेशों और होली की रील ही दिखायी पड़ी। इस अवसर पर मुसलमानो ने दिल खोल कर अपने हिन्दू मित्रों को होली के बधाई संदेश देकर सांप्रदायिक सदभाव की मिसाल पेश की। राजनीतिक दलों ने ट्विटर और फ़ेसबुक के जरिये लोगों को होली की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव,बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती,कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने लोगों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर कई राजनीतिक दलों ने अपने यहां होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

## कड़े नियमन, नयी...

को 45 से घटा कर सात दिन पर लाना है।

श्री जोशी ने कहा कि टिकाऊ जीवनशैली जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण के अंतर्संबंधित संकटों को संबोधित करने की कुंजी है। यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अवसर को प्रस्तुत करता है, जो लोगों और इस धरती दोनों को लाभ पहुंचाने वाला समाधान प्रदान करता है। श्री जोशी ने भ्रामक विज्ञापनों, डार्क पैटर्न, ग्रीनवाशिंग और कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग और सीसीपीए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ई-कॉमर्स पर उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण ई-कॉमर्स नियम, 2020 को लागू करने और सक्रिय कार्रवाई करने और पहल शुरू करने के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने आगे बीआईएस की गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को मान्यता देने, सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग और घटिया उत्पादों को वापस मंगाने की पहल पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलें। उन्होंने 769 उत्पादों को कवर करने वाले 180 गुणवत्ता नियंत्रण अदेश (क्यूसीओ ) जारी करने के लिए बीआईएस की सराहना की और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों और टिकाऊ पैकेजिंग की पहचान और बढ़ावा देने के लिए इको मार्क योजनाओं और पैकेजिंग सामग्री के मानकों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए बीआईएस की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामान का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को जीवन का हिस्सा बनने की जरूरत है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री के 'मिशन लाइफ' के विचार का उल्लेख किया जो प्रचलित 'उपयोग करो और फेंको' वाली विवेकहीन और विनाशकारी खपत से निर्देशित अर्थव्यवस्था को एक 'सर्कुलर अर्थव्यवस्था' से बदलने की परिकल्पना है, जिसमें विचारशील और समझबूझ के साथ उपयोग वाले जीवन पर बल दिया गया है। इस अवसर पर विभाग के राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि भारत अपनी विशाल जनसंख्या के साथ अपनी नीतियों और नियामक ढांचों के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करने वाले विकासशील देशों में से एक है। उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव सुश्री खरे ने स्वागत भाषण में कहा कि स्वस्थ विकास का मॉडल महंगा नहीं , बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सस्ता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, टिकाऊ जीवन शैली में एक न्यायसंगत परिवर्तन की आवश्यकता है तथा समृद्ध उपभोक्तओं के लिए सामान बनाने वाले निर्माताओं को वह सामान पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बनाने में परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भी देखना चाहिए कि वे संसाधनों का उपयोग विचारशील तरीके से कहां करें। उन्होंने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण दिया, जिसमें ग्रीनवाशिंग की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए गए, जो उचित टिकाऊ दावों के लिए निर्माताओं द्वारा उचित सावधानी पर केंद्रित हैं। उन्होंने बताया कि सीसीपीए ने कोविड-19 महामारी के दौरान बुक किए गए हवाई टिकटों के लिए 1454 करोड़ रुपये के रिफंड करवाए। इसके अतिरिक्त, विभाग ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए एक सुरक्षा प्रतिज्ञा शुरू की, जहां कंपनियां बिना किसी पंजीकरण या शुल्क के उपभोक्ता मुद्दों को तुरंत हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आठ वर्षों में ग्रामीण...

और शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि गांवों की महिलाओं को भी स्वरोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के इस मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। आने वाले वर्षों में, प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर एक सशक्त और समृद्ध ग्रामीण उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# राजभवन में हर्षोल्लास से मनाई गई होली, एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। राजभवन में शुक्रवार को होली के पावन अवसर पर रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और इस पावन पर्व की खुशियों में सराबोर हो गए।

इस आयोजन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, समाजसेवी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की।

# दिल्ली में होली पर ट्रैफिक पुलिस ने काटे 7230 चालान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। होली के त्योहार पर दिल्ली पुलिस काफी मुस्तैद नजर आई। त्योहार के दिन कोई भी ऐसी सड़क नहीं थी, जहां कोई नशे में धुत होकर पुलिस की नजरों से बच कर निकल सके। 15 जिलों की पुलिस जगह-जगह बेरिकेट लगाकर वाहनों की जांच करती नजर आई। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भी चेकिंग करते नजर आई। दिल्ली पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की सख्ती के कारण पिछले साल के मुकाबले इस साल कम लोगों के चालान कटे। पिछले साल होली पर कुल 7643 चालान कटे थे, जिनमें से 559 ड्रंकन ड्राइविंग के थे। इस साल की बात करें तो ट्रैफिक पुलिस ने कुल 7230 चालान काटे। इस बार शराब पीकर गाड़ी चलानों वालों की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा थी। इस बार ट्रैफिक पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग के 1213 चालान काटे।

ट्रैफिक (जोन-II) के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार गुप्ता के अनुसार होली के जश्न के दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। 14 मार्च को होली के मौके पर सुरक्षा के लिहाज से सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने दिल्ली में कड़े इंतजाम किए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 84 स्पेशल ड्रंकन ड्राइविंग चेकिंग टीमें और 40 ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें प्रमुख चौराहों और सड़कों पर तैनात की थीं। इन टीमों ने होली के दिन सुबह 8 बजे से लेकर रात 12 बजे तक सख्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती से निगरानी की और जिसे भी लापरवाही करते देखा उसका चालान किया। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग यानी नशे की हालत में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 1,213 लोगों का चालान काटा। ऐसे ही ट्रिपल राइडिंग (दोपहिया वाहन पर तीन लोग) में भी 573 चालान ट्रैफिक पुलिस ने किए। इसी क्रम में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले करीब 2,376 बाइक सवारों का चालान किया। काली फिल्म लगी गाड़ियां यानी कारों के शीशों पर काली फिल्म या टिंटेड ग्लास लगाकर गाड़ी चलाने वाले 97 लोगों का चालान काटा। इसके अलावा बाकी अलग-अलग तरह के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 2,971 लोगों का चालान भी किया गया। इस तरह होली के दिन दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कुल 7,230 चालान किए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर के मंदिर में धमाका, बाल-बाल बचा पुजारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में होली की रात शरारती तत्वों ने एक मंदिर को निशाना बनाया। पुलिस मंदिर में हुए धमाके की घटना को स्वीकार तो कर रही है, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि धमाके में किस तरह का विस्फोटक इस्तेमाल किया गया। मंदिर में बम फेंका गया या पूर्व में हुई घटनाओं की तरह यह ग्रेनेड हमला था।यह धमका शुक्रवार रात करीब एक बजे अमृतसर के खंडवाला इलाके में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में हुआ। हमलावर मोटरसाइकिल सवार दो युवक थे। बताया गया है कि मंदिर पर बम जैसी कोई वस्तु फेंककर हमला किया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल पर आए। उनके हाथ में एक झंडा था। वह कुछ देर मंदिर के बाहर खड़े रहे और फिर मंदिर की तरफ कोई वस्तु फेंकी। जैसे ही वहां से भागे, मंदिर में जोरदार धमाका हुआ। हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। उस समय मंदिर का पुजारी अंदर सो रहा था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। धमाके में मंदिर की पहली मंजिल का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। भुल्लर ने बताया कि सीसीटीवी में दो बाइक सवार दिखे हैं, जिन्हें ट्रेस किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमृतसर समेत पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले छह माह के भीतर ग्रेनेड हमलों की एक दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं।ज्यादातर घटनाओं में पुलिस थानों व चौकियों को निशाना बनाया गया।

### पुलिस ने हथियार तस्करी के मामले में तीन आरोपितों को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अवैध हथियार की सप्लाई करने वाले तीन बदमाशों को दिल्ली से दबोचा है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान सुलेमान नगर किराड़ी निवासी निकेत उर्फ गोलू, रावता गांव नजफगढ़ निवासी सौरव उर्फ सोनू और जैतपुर निवासी आनंद कुमार उर्फ मोनू के रूप में हुई है। बदमाशों के पास से पांच पिस्टल व एक मोबाइल फोन बरामद किया। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने शुक्रवार को बताया कि तीनों आरोपितों को एक गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा है। गिरफ्तार हथियार तस्कर अनिकेत गोलू ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पिछले एक साल से अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त है। वह झारखंड निवासी सोनू पासवान के संपर्क में आया। सोनू पासवान ने उसे बताया कि वह स्थानीय बदमाशों के लिए बिहार और मध्य प्रदेश से दिल्ली, हरियाणा और पंजाब तक अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल है। सोनू पासवान को करीब 5 महीने पहले पंजाब में अवैध हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह पंजाब के पटियाला स्थित नाभा जेल में बंद है। सोनू की गिरफ्तारी के बाद अनिकेत गोलू ने उसके निर्देश पर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के स्थानीय बदमाशों को हथियार मुहैया करवाने लगा। आगे जांच में पता चला है कि सभी आरोपित व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों के संपर्क में थे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सोनू पासवान जेल से एक विदेशी पंजीकृत नंबर के जरिए अपने व्हाट्सएप का इस्तेमाल करता था।

### औली मे फिर हुई बर्फबारी, निचले इलाकों में लौटी ठंड

**औली/ज्योतिर्मठ।** उच्च हिमालयी बुग्यालों व पर्वत श्रृंखलाओं ने बर्फ की सफ़ेद चादर ओढ़ ली है, श्री बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब-लोकपाल सहित नीती माणा दरी मे ताजे हिमपात के बाद निचले इलाकों मे भी कड़ाके की ठंड लौट आई है। विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा केन्द्र औली मे बर्फबारी तो हुई पर जल्द पिघलने वाली इस बर्फ ने विगत महीनों से औली स्कीइंग स्लोप पर जमी बर्फ को भी पिघला दिया है, बारिश व जल्द पिघलने वाली बर्फ के कारण स्कीइंग स्लोप के हालात भी ठीक नहीं दिख रहे। गौरतलब है कि औली मे रविवार 16 मार्च से 19 मार्च तक नेशनल स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन होना है, अब रोप वे के दस नंबर टावर के आसपास स्कीइंग के मानकों के अनुरूप बर्फ का होना भी नितांत आवश्यक है। हालांकि मौसम विभाग ने भी अगले 48 घंटों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे बर्फबारी की चेतावनी दी है, यदि देर रात्रि तक पुन: बर्फबारी हुई तो नेशनल स्कीइंग प्रतियोगिता के लिए बेहतर साबित होगा।

### कुमाउनी होली में रंगों से अधिक रागों में भी उड़ते हैं होली के विविध 'रंग'

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड प्रदेश के अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों के साथ कुमाऊं अंचल में आज शनिवार को होली यानी छलड़ी मनाई जा रही है। यहाँ रामलीलाओं की तरह राग व फाग का त्योहार होली भी अलग वैशिष्ट्य के साथ मनाई जाती हैं। यूं कुमाऊं में होली के दो प्रमुख रूप मिलते हैं, बैठकी व खड़ी होली, परन्तु अब दोनों के मिश्रण के रूप में तीसरा रूप भी उभर कर आ रहा है। इसे धूम की होली कहा जाता है। इनके साथ ही महिला होलियां भी अपना अलग स्वरूप बनाऐ हुऐ हैं। इन सब के बीच परंपरागत कुमाउनी होली में रंगों से अधिक, रागों में भी होली के विविध 'रंग' उड़ते हैं। माना जाता है कि प्राचीनकाल में यहां के राजदरबारों में बाहर के गायकों के आने से राग-रागिनियों पर आधारित यह होली गीत यहां आऐ हैं। इनमें शास्त्रीयता का अधिक महत्व होने के कारण इन्हें शास्त्रीय होली भी कहा जाता है। पूरे देश में जहां होली सामान्यता एक दिन मनायी जाती है, वहीं कुमाऊं में बैठकी होली की शुरुआत होली के पूर्वाभ्यास के रूप में पौष माह के पहले रविवार से विष्णुपदी होली गीतों से होती है। इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रहरों में अलग अलग शास्त्रीय रागों पर आधारित होलियां गाई जाती हैं। इसकी शुरुआत बहुधा धमार राग से होती है, और फिर सर्वाधिक काफी व पीलू राग में तथा जंगला काफी, सहाना, बिहाग, जैजैवन्ती, जोगिया, झिंझोटी, भीमपलासी, खमाज व बागेश्वरी सहित अनेक रागों में भी बैठकी होलियां विभिन्न पारंपरिक वाद्य यंत्रो के साथ गाई जाती हैं। बैठकी होली के अंतर्गत आगे बसंत पंचमी से शिवरात्रि तक अर्ध श्रृंगारिक और उसके बाद श्रृंगार रस में डूबी होलियाँ गाई जाती हैं। इनमें भक्ति, वैराग्य, विरह, कृष्ण-गोपियों की हंसी-ठिठोली, प्रेमी प्रेमिका की अनबन, देवर-भाभी की छेड़छाड़ के साथ ही वात्सल्य, श्रृंगार, भक्ति जैसे सभी रस मिलते हैं। देश-प्रदेश में जहां लोग अपने परिजनों, सगे संबंधियों व मित्रों के साथ होली के रंग खेलते हैं, वहीं देवभूमि उत्तराखंड के लोग अपने देवी-देवताओं के साथ भी होली खेलते हैं। होली की टोलियां गांव या शहर के मंदिरों में जाती हैं और वहां होली गायन करती हैं। बागेश्वर में बागनाथ और गरुड़ क्षेत्र में कोट भ्रामरी के साथ ही नैनीताल के नयना देवी मंदिरों में होने वाली होलियां दर्शनीय होती हैं। नयना देवी मंदिर में स्थित हनुमान जी की विशाल मूर्ति सहित सभी मूर्तियों को होली के दिन बकायदा अन्य होल्यारों की तरह सफ़ेद वस्त्र पहनाये जाते हैं और रंग चढ़ाते हुए उनके साथ भी होली खेली जाती है।

# निर्मल संतपुरा में मनाया गया खालसा का नववर्ष व होला मोहल्ला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे में नानकशाही संवत 557वां नववर्ष, खालसा का महान पर्व होला मोहल्ला और चैत्र माह की संक्रांत मनाई गई। इस दौरान रहरास साहिब पाठ, शब्द कीर्तन व कथा का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर आश्रम के परमाध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नानक शाही के अनुसार सिक्ख धर्म का नया वर्ष शुरू हो गया है। नववर्ष का स्वागत गुरु महाराज का नाम लेकर और कीर्तन, शब्द कथा का स्मरण कर करना चाहिए, जिससे सभी के दुख दूर हों और सुखमय जीवन व्यतीत हो। उन्होंने कहा गुरु महाराज के चरणों में बैठकर अरदास करनी चाहिए। जो समय बीत गया उसकी क्षमा मांगकर प्रभु से आगे के लिए खुशियां मांगे। होली बुराई पर अच्छाई की जीत है। यही होला मोहल्ला का भी संदेश है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने बुराइयों को दूर करने के लिए आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला प्रारंभ किया, जिसे पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि अपने कर्मों के अनुसार प्रभु के नाम से जुड़ो। मनुष्य को सबकुछ तभी प्राप्त होगा जब प्रभु से जुड़ेंगे। मन को शांति गुरु महाराज के चरणों से जुड़कर ही मिलेगी। हर महीने के अनुसार गुरु महाराज ने जीवन यापन के बारे में बताया है। चैत्र का महीना मीठा महीना होता है। प्रकृति आनंदमई हो जाती हैं। कार्यक्रम में संत मंजीत सिंह, संत तरलोचन सिंह, अपनिंदर कौर, हरविंदर सिंह, सरबजीत कौर, महिंद्र सिंह, नैनी महेंद्रू, जसविंदर सिंह, गगनदीप सिंह, रविंद्र सिंह, परमिंदर सिंह, जसकरण सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्टू, सुमन, अमरीक सिंह, सतविंदर सिंह आदि सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# मुखिया के घर भोज के दौरान खेली गई खूनी होली एक की मौत तीन गंभीर

पूर्वी चंपारण। जिले में एक मुखिया के आवास पर खूनी होली खेली गई।जानकारी के अनुसार पूर्व के विवाद के चलते मुखिया के दरवाजे पर होली के अवसर पर आयोजित भोज में जमकर चाकूबाजी हुई। इस चाकूबाजी में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने मुखिया सहित दर्जनो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत में शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है।बताया गया कि बखरी पंचायत के मुखिया जगरनाथ राय के घर पर होली का भोज चल रहा था,जहाँ पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प हो गई। इस झड़प में जमकर चाकूबाजी हुई, जिसमें एक युवक शिवपूजन राय के पुत्र रोहित कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई,जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# पंजाब पुलिस ने आईएसआई आतंकी के तीन गुर्गे पकड़े

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली की टीम ने पाकिस्तान में बैठे आईएसआई आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा के नेटवर्क से जुड़े तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महाराष्ट्र के और एक पंजाब के रोपड़ का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से एक पंप एक्शन गन और एक पिस्तौल बरामद की है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने आज बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली ने पाकिस्तान स्थित बीकेआई आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के नेटवर्क के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जग्गी निवासी नांदेड़, महाराष्ट्र, शुभम खेलबुड़े निवासी नांदेड़ (महाराष्ट्र) और गुरदीप सिंह उर्फ दीपा निवासी रायपुर, थाना नूरपुर बेदी (रोपड़) के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि जगजीत उर्फ जग्गी ने 10 फरवरी को नांदेड़ में हुई एक हत्या में शामिल शूटरों के लिए राशन, सुरक्षित पनाहगाह और समन्वय की सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसकी साजिश सीमा पार से रिंदा ने रची थी। पुलिस जांच के दौरान जेल में बंद गैंगस्टर दिलप्रीत उर्फ बाबा की भूमिका का भी पता चला है, जो रिंदा का पुराना साथी है, जिसने आरोपितों के लिए पंजाब में सुरक्षित पनाहगाह की व्यवस्था की थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, 8 जिंदा कारतूस और एक 12 बोर की पंप एक्शन गन और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

# इंडो-नेपाल बार्डर पर दोनो देश के जवानों ने मनाई होली

■ कहा ऐसे आयोजन से दोनो देश के ऐतिहासिक व प्राचीन रिश्ते होंगे मजबूत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पूर्वी चंपारण। जिले के रक्सौल बॉर्डर पर दोनों देश के जवानों ने पूरे सौहार्द व उत्साह से आज होली मनाई। भारत के एसएसबी जवानों व नेपाल आर्म्ड फोर्स के सैनिकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 393 के समीप आयोजित होली मिलन के दौरान सीमा सुरक्षा बल और नेपाल आर्म्ड फोर्स के जवानों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर दोनो देश के प्राचीन व अटूट दोस्ती को और मजबूत किया।इस मौके पर दोनों देशों के जवानो के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। जवानों ने बताया कि हम सब अपने परिवार से दूर सीमा की रक्षा में तैनात हैं। देश के बॉर्डर को अपना घर और परिवार मानते हुए हम सब होली का त्योहार धूमधाम से मना रहे है। एसएसबी के सब-इंस्पेक्टर भंवरलाल ने कहा कि देश ही उनका परिवार है। ड्यूटी पर रहते हुए भी वे त्योहार की खुशियां महसूस कर सकते हैं। नेपाल आर्म्ड फोर्स के सब-इंस्पेक्टर तेज सापकोटा ने बताया कि मित्र राष्ट्र के जवानों के साथ होली खेलकर परिवार की कमी महसूस नहीं हुई।भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। दोनों देशों की 'बेटी-रोटी' की परंपारिक रिश्ते है।जिसे ऐसे आयोजन इसे और मजबूत बनाती है।

















चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063